रोहतक
शनिवार, 20 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 321
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**
अधि. 24.7
न्यून. 5.0


# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 84,929.36 | 447.55 ▲ |
| निफ्टी | 25,966.40 | 150.85 ▲ |
| **धातु** | **कीमत** | **गिरावट** |
| सोना | 1,36,500/- | ---- |
| चांदी | 2,05,100/- | 3500/- ▼ |
| **मुद्रा** | **प्रति डॉलर** | **ऊपर/नीचे** |
| रुपया | 89.66 | 54 पैसे ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

क्रूड ऑयल 59.60 बैरल 0.37% ▼

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## खबर संक्षेप

### एचटेट परीक्षा 17 या 18 जनवरी को संभव

**भिवानी।** हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटेट) 17 और 18 जनवरी को कराए जाने की संभावना है। इसके लिए बोर्ड ने स्कूल शिक्षा निदेशालय को प्रस्ताव भेज दिया है। परीक्षा आयोजन के लिए बोर्ड पूरी तरह तैयार है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड चेयरमैन प्रो. डॉ. पवन कुमार ने कहा कि हर वर्ष एचटेट करवाने के लिए न्यायालय के आदेश हैं। लेकिन 2024 एचटेट देरी से होने के चलते 2025 का एचटेट भी लेट हो रहा है। इसी उद्देश्य से निदेशायल को प्रोपोजल भेजकर 17-18 जनवरी को एचटेट की मंजूरी मांगी गई है। *हरिभूमि न्यूज*

### संसद सत्र समाप्त, सदन में कुल आठ बिल पेश

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** संसद का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को खत्म हो गया। एक दिसंबर से शुरू हुआ सत्र 19 तक चला। केंद्र सरकार ने 14 बिल लाने की बात कही थी। विपक्ष का आरोप है कि 12 बिल ही पेश किए गए। दोनों सदनों से 8 बिल पास किए गए। 2 बिल कमेटी के पास भेजे गए हैं। सरकार ने कुछ बिल पेश ही नहीं किए। लोकसभा की कार्रवाई 11 बजे शुरू हुई। लेकिन वंदेमातरम के तुरंत बाद अध्यक्ष ने इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। लोकसभा के बाद राज्य सभा की कार्रवाई भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। *(पेज 5 भी देखें)*

## हरियाणा विस सत्र के दूसरे दिन भी जमकर हंगामा, शोरगुल और नारेबाजी

# वोटिंग से पहले ही गिर गया कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव

**प्रस्ताव पर वोटिंग से पहले ही विपक्ष का वाकआउट**

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भी सदन में जमकर हंगामा हुआ। वहीं, दूसरी तरफ, मुख्यमंत्री नायब सैनी की अगुआई वाली भाजपा सरकार के खिलाफ लाया गया कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो गया। देर रात तक प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इसके बाद कांग्रेस ने अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से पहले ही वाकआउट कर दिया। इसके कारण वोटिंग से पहले ही अविश्वास प्रस्ताव गिर गया। सदन की कार्यवाही अब सोमवार तक के लिए स्थगित हो गई। मुख्यमंत्री की तरफ से दिए जा रहे जवाब को पढ़ा हुआ माना गया औऱ स्पीकर ने जब वोटिंग के लिए कहा, तो कांग्रेस गायब थी। इस दौरान सदन में मौजूद सदस्यों ने इस प्रस्ताव को गिरा हुआ माना। इससे पहले वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान पंडित जवाहरलाल नेहरू का नाम आने पर कांग्रेसी विधायकों ने वेल में आकर नारेबाजी, हंगामा और शोरगुल कर दिया। पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा के साथ कांग्रेस विधायक उठकर वेल में आकर बैठ गए। विस अध्यक्ष ने बार-बार चेतावनी दी।, लेकिन नहीं माने तो कांग्रेस के 9 विधायकों को बाहर निकाले का आदेश मार्शलों को दिया। **(पेज दो भी देखें)**

**विस अध्यक्ष की चेतावनी को अनदेखा करना पड़ा कांग्रेस को भारी** ▶ **कांग्रेस के 9 विधायकों को मार्शलों ने बाहर निकाला** ▶ **सीएम की अपील पर बाहर निकाले गए विधायक वापस बुलाए गए**

### सैनी बोले-नेहरू ने मुस्लिम लीग का साथ दिया

*बाद में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विस अध्यक्ष से अपील करते हुए बाहर किए विधायकों को सदन में बुलाने की अपील की तो निष्कासित विधायकों को अंदर बुला लिया गया। सैनी ने कहा कि यह ऐतिहासिक तथ्य है कि जवाहरलाल नेहरू ने वंदे मातरम के विरोध में मुस्लिम लीग का साथ दिया था और इन तथ्यों को छुपाया नहीं जा सकता। यह मंत्र स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देश को नई ऊर्जा देने वाला रहा है। वंदे मातरम को याद करना इस सदन के लिए सौभाग्य की बात है। यह सदन की राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।*



### अविश्वास प्रस्ताव पर देर रात तक चली चर्चा

इससे पहले अविश्वास प्रस्ताव पर देर रात तक लंबी चर्चा चली। सीएम नायब सैनी ने करीब डेढ़ घंटे का भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने कहा- मैंने इनके अविश्वास प्रस्ताव को पढ़ा है, मैं हैरान हूं कि कहीं ये प्रस्ताव हड़बड़ी में तो नहीं ले आए। इन कांग्रेसियों ने अपने सीनियर नेता रघुवीर कादियान को बलि का बकरा तो नहीं बना दिया। वहीं, कांग्रेस विधायक रघुवीर कादियान ने आरोप लगाया कि भाजपा कांग्रेस के लिए पर्ची-खर्ची की बात करती है, जबकि भाजपा के राज में यूनिवर्सिटीज में वाइस चांसलर पर्ची-खर्ची से लगाए। अविश्वास प्रस्ताव लंबी चर्चा के बाद आखिरकार खारिज हो गया।

**सदन में वंदे मातरम पर जमकर तू-तू, मैं-मैं**

सदन में वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच में जमकर तू-तू मैं-मैं हुई और हंगामा, नारेबाजी हुई। जब सीएम सैनी ने बात रखी, तो कांग्रेस व भाजपा के सदस्यों के बीच में बहस हुई। इस दौरान वेल में आए कांग्रेस के लोगों को बार-बार विस अध्यक्ष ने चेतावनी दी। नहीं माने तो विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने नौ कांग्रेस विधायकों को सदन से बाहर जाने का आदेश दिया। सभी को नेम कर दिया और मार्शलों को आदेश दिया कि इन्हें बाहर निकालें। इसके बाद मार्शलों ने जस्सी पेटवाड़, विकास सहारण, नरेश सेलवाल, शकुंतला खटक को जबरन बाहर धकेला औऱ चारों तरफ से घेर लिया। अशोक अरोड़ा व देवेंद्र हंस खुद ही बाहर की तरफ चले गए। बलराम दांगी व सेलवाल के साथ में मार्शलों की जमकर बहस हुई। भुक्कल ने बाहर जाने से मना कर दिया तो महिला मार्शलों ने घेर लिया तो भुक्कल ने मार्शल को थप्पड़ दिखाकर दूर रहने को कहा।

### आठ बिल पारित

- हरियाणा श्री माता मनसा देवी पूजा स्थल (संशोधन) विधेयक
- हरियाणा श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल (संशोधन) विधेयक
- हरियाणा श्री माता भीमेश्वरी देवी मंदिर (आश्रम), बेरी पूजा स्थल (संशोधन) विधेयक -हरियाणा अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक
- हरियाणा श्री कपाल मोचन, श्री बद्री नारायण, श्री मन्तरा देवी व श्री केदारनाथ पूजा स्थल (संशोधन) विधेयक
- हरियाणा नगर निगम (संशोधन) विधेयक
- हरियाणा पंचायती राज (द्वितीय संशोधन) विधेयक
- हरियाणा नगर निकाय बिल 2025

## मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की कड़ी कार्रवाई

# युवराज व सोनू सूद समेत कई हस्तियों की 1000 करोड़ रुपये की संपत्ति सीज



भाषा ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा के साथ ही तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद मिमी चक्रवर्ती और अभिनेता सोनू सूद की संपत्तियों को एक 'अवैध' सट्टेबाजी एप से जुड़े धनशोधन के मामले में कुर्क कर लिया है, जिनकी अनुमानित कीमत 1,000 करोड़ रुपये से अधिक है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को जानकारी दी। फिलहाल ईडी इस मामले की आगे जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस ऑनलाइन सट्टेबाजी एप से पैसा कैसे और किन-किन लोगों तक पहुंचा।

### उर्वशी की मां की संपत्ति भी कुर्क

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अंतरिम आदेश जारी करने के बाद अभिनेत्री नेहा शर्मा, मॉडल एवं उर्वशी रौतेला की मां एवं बांग्ला अभिनेता अंकुश हाजरा की संपत्तियों को भी कुर्क किया गया है। इन सभी लोगों से अतीत में ईडी ने पूछताछ की थी और इन संपत्तियों को कुराकाओ द्वीपीय देश में पंजीकृत कथित अवैध सट्टेबाजी एप की 'अपराध से प्राप्त आय' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। ईडी ने पहले इस जांच के तहत पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन और सुरेश रैना की 11.14 करोड़ की संपत्ति जब्त की थी। कंपनी खुद को वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त बुकी बताती है। इसका एप और वेबसाइट 70 भाषाओं में उपलब्ध हैं। भारत में यह प्लेटफॉर्म प्रतिबंधित है। यह जांच अवैध बेटिंग एप से जुड़ी है। कंपनी पर आरोप है कि उसने लोगों और निवेशकों से करोड़ों की ठगी की है।

**इनकी करोड़ों रुपये की संपत्ति जब्त**

| नाम | राशि | नाम | राशि |
|---|---|---|---|
| युवराज | 2.5 करोड़ | नेहा | 1.26 करोड़ |
| सोनू सूद | 1 करोड़ | चक्रवर्ती | 59 लाख |
| उर्वशी की मां | 2.02 करोड़ | अंकुश | 47.20 लाख |
| | | उथप्पा | 8.26 लाख |

## पूर्व कांग्रेस विधायक छौक्कर की जमानत खारिज



मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने किया था गिरफ्तार

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** गुरुग्राम में माहिरा ग्रुप के प्रोजेक्ट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में स्पेशल पीएमएलए कोर्ट ने शुक्रवार को पानीपत के समालखा के पूर्व विधायक धर्म सिंह छौक्कर की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी है। स्पेशल जज (पीएमएलए) वाणी गोपाल शर्मा की कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी। नियमित जमानत पर कोर्ट ने पीएमएलए की धारा 45 के तहत लागू ट्विन कंडीशन का उल्लेख किया और कहा कि उपलब्ध रिकॉर्ड से यह मानने के पर्याप्त आधार नहीं बनता कि आरोपी प्रथम दृष्टया निर्दोष है या जमानत पर रहते अपराध नहीं करेगा। कोर्ट ने माना कि माहिरा ग्रुप की परियोजनाओं में फर्जी बैंक गारंटी, होम बायर्स से जुटाई गई बड़ी रकम के कथित दुरुपयोग और धन के लेन-देन को लेकर आरोप हैं। आरोपी की जांच के दौरान कथित असहयोग, समन से बचने व गैर-जमानती वारंट जारी होने जैसे तथ्य जमानत पक्ष में नहीं जाते।

**माहिरा ग्रुप प्रोजेक्ट में धन के दुरुपयोग का आरोप**

# फिर झुलसा बांग्लादेश : हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या

**शव को पेड़ पर लटकाकर जलाया देशभर में तनाव** » **शेख हसीना विरोधी छात्र नेता हादी की मौत के बाद भड़की हिंसा** » **दो बड़े अखबारों में तोड़फोड़ और आगजनी की**

एजेंसी ▶▶ ढाका/नई दिल्ली

बांग्लादेश में हिंसा और विरोध-प्रदर्शनों के बीच फिर कट्टरपंथ का खौफनाक चेहरा सामने आया है। मैमनसिंह जिले में भीड़ ने ईशनिंदा के आरोप में हिंदू युवक की बेरहमी से हत्या कर दी। मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में हुई है। भालुका उपजिला के दुबालिया पारा में रहता था। उग्र भीड़ ने हत्या के बाद शव को पेड़ से बांधकर उसमें आग लगा दी। यह घटना ऐसे समय पर हुई है, जब देश हसीना विरोधी नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद व्यापक हिंसा और प्रदर्शनों की चपेट में है। गुरुवार रात एक समूह ने युवक पर पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप है। बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मुहम्मद यूनुस ने हिंसक प्रदर्शनों के बीच हिंदू व्यक्ति की पिटाई और हत्या की कड़ी निंदा की।



### आवामी लीग का दफ्तर भी फूंका

इससे पहले प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार देर रात देश के सबसे बड़े अखबार डेली स्टार और प्रोथोम आलो के ऑफिस में जबरन घुसकर तोड़फोड़ और आगजनी की। पूर्व राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान के आवास में भी तोड़फोड़ की गई है और शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के ऑफिस को भी जला दिया गया है।

**भारतीय सहायक उच्चायोग पर भी हमला**

चटगांव में प्रदर्शनकारियों ने भारतीय सहायक उच्चायोग पर हमला किया। चटगांव में भारतीय सहायक उच्चायोग के बाहर भी पत्थर फेंके। ढाका में भारतीय हाई कमीशन ने बांग्लादेश में भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी की है, उनसे लोकल ट्रैवल से बचने व अपने घरों से न निकलने की अपील की है। वहीं, कट्टरपंथियों ने बेनापोल से भारत के बॉर्डर तक मार्च निकाला। भारतीय सेना को हाईअलर्ट पर रखा गया है।

**आयुष विभाग की संयुक्त टीम की छापेमारी में मिलीं खामियां**

## सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हर्ष छिक्कारा पर एफआईआर दर्ज



प्रतिबंधित पदार्थों की मिलावट की आशंका

**सोनीपत।** औद्योगिक क्षेत्र बाबा कॉलोनी में संचालित बीकेबी आयुर फार्मा आयुर्वेदिक दवा फैक्टरी पर आयुष विभाग ने छापेमारी कर दवा निर्माण के नाम पर चल रहे बड़े खेल का पर्दाफाश किया। जिला आयुर्वेद अधिकारी एवं औषधि निरीक्षक रामअवतार सिंह की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने फैक्टरी प्रोपराइटर अमित कुमार व चर्चित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हर्ष छिक्कारा पर धोखाधड़ी व अनियमितताओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

**मशीनें बंद, रिकॉर्ड गायब व सामान बिखरा मिला**

छापेमारी के समय फैक्ट्री में मशीनें बंद पाई गईं। दवा निर्माण से जुड़ा सामान अस्त-व्यस्त हालत में था और आवश्यक रिकॉर्ड मौके से गायब मिले, अनियमितताओं की आशंका और गहरा गई। प्राथमिक जांच में फैक्ट्री में बनी दवाओं के नमूनों में प्रतिबंधित पदार्थों की मिलावट की आशंका जताई गई। टीम ने दवाओं के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए स्टेट ड्रग्स टेस्टिंग लेबोरेटरी भेज दिया है।

**पुरानी फर्म का लाइसेंस रद्द, नए नाम से खेल**

जांच में सामने आया कि प्रोपराइटर अमित की पुरानी फर्म 'बाबा जी की बूटी' का लाइसेंस वर्ष 2023 में अनियमितताओं के चलते रद्द कर दिया गया था। अमित ने तथ्यों को छिपाकर व कूटरचित दस्तावेजों से'बीकेबी आयुर फार्मा' के नाम से नया लाइसेंस हासिल किया। आरोप है कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हर्ष छिक्कारा के जरिए घटिया व मानक विहीन दवाओं का बढ़ा-चढ़ाकर प्रचार कर रहे थे।


**एडवाइजरी जारी** आज भी ऐसा ही रहेगा मौसम, सावधानी बरतें लोग

# हरियाणा समेत उत्तर भारत में छाई कोहरे की चादर, सड़क, रेल और हवाई यातायात ठप

*कई ट्रेनें लेट, कई रद्द, सड़कों पर रेंगकर चले वाहन*

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** हरियाणा समेत पूरा उत्तर भारत कोहरे की चपेट में है। हर तरफ कोहरे की सफेद चादर छाई हुई है। सड़क, रेल और हवाई यातायात ठप होकर रह गया है। वाहन चालकों के साथ आमजन को भी भारी परेशनियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश में शुक्रवार को दृश्यता 0 से 5 मीटर तक दर्ज की गई। अंबाला में दृश्यता शून्य मीटर रही। हालांकि कुछ जिलों में दोपहर मे धूप निकलने से राहत भी मिली। वहीं, पहाड़ी राज्यों में भारी बर्फबारी का असर अब मैदानी भागों में भी बढ़ने लगा है। प्रदेश में कोहरे के साथ कड़कड़ाती ठंड भी लोगों परेशान कर रही है।

**आईएमडी ने दिल्ली के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया**
**घाटी में रात का तापमान जमाव बिंदु से नीचे लुढ़का**



### आज इन जिलों में अलर्ट

शनिवार को प्रदेश के 16 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसमें पंचकूला, कुरुक्षेत्र, अंबाला, यमुनानगर, कैथल, जींद, करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर, रेवाड़ी, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल और नूंह शामिल हैं। वहीं, हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, भिवानी, महेंद्रगढ़ और च.दादरी में यलो अलर्ट जारी किया है।

### 152 उड़ानें रद्द, 80 ट्रेनें लेट

आईएमडी ने दिल्ली के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया और सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित होने की चेतावनी दी। कश्मीर में थोड़े समय की राहत के बाद कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर दिन भर के लिए 152 फ्लाइट्स रद्द हो गई हैं। 80 से अधिक ट्रेन लेट चल रही हैं।

### हरियाणा में ये हाल

प्रदेश के कई जिलों में गहरी धुंध छाई रही। कुछ ट्रेन देरी से चली और कई रद्द कर दी गईं। सड़कों पर भी ऐसा ही हाल रहा। गाड़ियां रेंग रेंगकर चली। एचएयू हिसार, कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार मौसम 24 दिसंबर तक परिवर्तनशील रहेगा। 20 से 22 दिसंबर के बीच उत्तरी हरियाणा में बूंदाबांदी हो सकती है।




शीतकालीन सत्र का दूसरा दिन : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का प्रश्नकाल में विपक्ष पर कटाक्ष

# जनता का सरकार पर नॉन-स्टॉप भरोसा, प्रदेश में रिकॉर्ड तोड़ विकास से विपक्ष को दिक्कत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार काम करने वाली सरकार है, जिस पर लोग विश्वास करते हैं और नॉन—स्टॉप विश्वास कर रहे हैं। पिछले 11 सालों में सड़क नेटवर्क को जो मजबूती मिली है, उससे कहीं न कहीं विपक्ष को दिक्कत हो रही है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान विधायक गीता भुक्कल द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष के सदस्यों द्वारा हर बार पोस्टर लेकर आना, अखबार दिखाना, इससे हमें कोई दिक्कत नहीं है। राज्य सरकार काम करने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने सड़कों के सुदृढ़ीकरण के बारे में नहीं सोचा, जबकि पिछले 11 सालों में सड़क नेटवर्क को जो मजबूती मिली है, इसी से तो इन्हें दिक्कत आ रही है। उन्होंने कहा कि झज्जर—छुछकवास तक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस—वे निकल रहा है, लेकिन विपक्ष के सदस्यों ने सरकार का शुक्रिया तक नहीं किया। कम से कम इन्हें सड़कों के सुधारीकरण के लिए शुक्रिया तो अदा करना चाहिए।

## जनता ने कांग्रेस को नकारा : नायब सैनी

### विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं, इसलिए वोट चोरी की बात कर रहे : सीएम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। विपक्ष के नेता वोट चोरी की बात करते हैं, जबकि जनता ने कांग्रेस के क्रिया—कलापों और उनकी नीतियों को पूरी तरह से नकार दिया है, इसलिए विपक्ष फ्रस्ट्रेशन में हैं और वे कुछ भी बयान देते हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान विधायक बीबी बत्रा द्वारा बीपीएल कार्डों की संख्या के संबंध में पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने ने कहा कि उन्होंने स्वयं पिछले सत्र के दौरान इसी सदन में विस्तृत जवाब दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रक्रिया बनाई और लोगों को कहा कि वे स्वयं बताएं कि वे गरीबी रेखा से नीचे हैं और अपना फॉर्म स्वयं भरें।



### बीपीएल में नाम कटने पर ये बोले

पहले की सरकार में तो आय सीमा भी 1 लाख 20 हजार रुपये थी, जबकि वर्तमान सरकार ने आय सीमा को 1 लाख 80 हजार रुपये की। उसके बाद लोगों ने बीपीएल के लिए आवेदन किया। उन्होंने कहा कि उस समय इसी सदन में उन्होंने कहा था कि चुनावों के बाद वेरिफिकेशन किया जाएगा और जो गलत होगा उसका नाम कट जाएगा, ये स्कैंडल की बात कहां से आ गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक बीबी बत्रा ने 8 लाख का आंकड़ा बताया है, जबकि 2022 में राशन कार्ड की संख्या 30 लाख से ज्यादा थी। ये पता नहीं कहां से डाटा लेकर आए हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि इनके समय में तो क्या हालात थे, गरीब व्यक्ति को सामान भी नहीं मिलता था, जो गरीब व्यक्ति था वह तो देखता रहता था, अन्य लोग उनका सामान ले जाते थे।

### इनेलो विधायक ने स्कूलों में दाखिले का मुद्दा उठाया

चंडीगढ़। इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला ने प्रश्नकाल के दौरान सरकार से सवाल किया कि बीजेपी सरकार द्वारा जो स्कूल समायोजित किए गए हैं उनमें दाखिलों में कितनी बढ़ोतरी हुई है। शिक्षा मंत्री इसका कोई जवाब नहीं दे पाए। नगर निगम निकाय 2025 संशोधन बिल पर सदन में इनेलो के विधायक दल के नेता अदित्य देवीलाल ने कहा कि यह वित्तीय मामला है जब भी कोई टेंडर होता है तो वो माइनस में जाता है। इस कारण से ठेकेदार बेहद घटिया क्वालिटी की सामग्री इस्तेमाल करता है।

### राजस्व मंत्री ने पांच विधेयक सदन में रखे, बोले- किसानों का हित सरकार की प्राथमिकता

हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र–2025 के दौरान शुक्रवार को शहरी स्थानीय निकाय, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने सदन के पटल पर जनकल्याण, सांस्कृतिक संरक्षण एवं हरियाणा के सर्वांगीण विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विधेयक प्रस्तुत किए गए, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।यह प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता और जनहितकारी नीतियों की दिशा में एक सशक्त कदम है। सत्ता पक्ष का कहना है कि सदन में पारित विधेयकों के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं आस्था केंद्रों के बेहतर प्रबंधन, पारदर्शिता तथा उत्कृष्ट कार्य योजना का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

### प्रदेश में 197 आईटीआई

युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि राज्य में कुल 197 सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) व 213 संबद्ध निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कार्यरत हैं, जिनमें कुल मिलाकर लगभग 85,000 स्वीकृत सीटें उपलब्ध हैं। इन संस्थानों के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण योजना कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। यह जानकारी उन्होंने विधान सभा के शीतकालीन सत्र के दौरान लाये गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर सदन को दी। उन्होंने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय राज्य में औद्योगिक व्यावसायिक प्रशिक्षण को राष्ट्रीय एवं राज्य नीतियों के अनुरूप योजनाबद्ध तथा समन्वित रूप से प्रोत्साहित एवं क्रियान्वित करता है।

### मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़कर 2710 हुई : आरती राव

चंडीगढ़। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य में डॉक्टर और आबादी का अनुपात बढ़ाने के लिए सरकार पब्लिक और प्राइवेट दोनों सेक्टरों में नए मेडिकल कॉलेज बनाकर एमबीबीएस सीटें बढ़ाने पर काम कर रही है। वर्ष 2014 में जहां हरियाणा में 700 एमबीबीएस की सीटें थीं, जो अब बढ़कर 2710 सीटें हो गई हैं। स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रही थी। उन्होंने आगे बताया कि वर्ष 2018 में लोकसभा में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के जवाब के अनुसार, डॉक्टर और आबादी का अनुपात 1000 की आबादी पर एक डॉक्टर है। उन्होंने बताया कि एलोपैथिक डॉक्टरों को ध्यान में रखें तो हरियाणा मेडिकल काउंसिल के 16 दिसंबर 2025 के डेटा के आधार पर 1225 लोगों की आबादी पर एक डॉक्टर है। अन्य पद्धतियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

### श्रुति का कांग्रेस पर हमला, बोलीं इनकी कार्यशैली के हम गवाह

चंडीगढ़। मंत्री श्रुति चौधरी ने सदन में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला, साथ ही इशारों ही इशारों में नेता विपक्ष और बाकी नेताओं पर क्षेत्रवाद और अपने स्वार्थ की राजनीति करने का आरोप लगाया। श्रुति चौधरी ने कहा कि हम तो इनके व्यवहार के गवाह हैं, कभी हम भी कांग्रेस में होते थे। सत्र के दौरान इनेलो की ओर से आदित्य देवीलाल ने अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस का साथ नहीं देने का तंज कसा और कहा कि वे वॉकआउट करेंगे किसी का साथ नहीं देंगे। आदित्य देवीलाल ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला साथ ही कहा कि एक बार भी कांग्रेस के लोगों ने उन्हें अविश्वास पर साथ देने को नहीं कहा क्योंकि यहां पर सारा कुछ मिलजुलकर चल रहा है। पहले भी राज्यसभा सांसद के चुनावों में खेल हो चुके हैं, सारा समाज जानता है। देवीलाल ने अपने दादा चौधरी देवीलाल को याद किया व बताया कि वे भी किसी दौर में कांग्रेस पार्टी में थे।

### शुक्रवार को सात विधेयक पेश



- हरियाणा तकनीकी शिक्षा अतिथि संकाय (सेवा की सुनिश्चिता) संशोधन विधेयक
- हरियाणा आवास बोर्ड (संशोधन) विधेयक
- हरियाणा निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक
- हरियाणा आबादी देह (स्वामित्व अधिकारों का निहितीकरण, अभिलेखन और समाधान) विधेयक
- हरियाणा दुकान और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान (संशोधन) विधेयक हरियाणा अनुसूचित सड़क और नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन (संशोधन) विधेयक
- हरियाणा जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक ,2025

### सजा की अवधि नहीं, अधिकतम सजा होगी अपील की सुनवाई का आधार : हाईकोर्ट

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि दोषसिद्धि के खिलाफ दायर अपील या रिवीजन को सिंगल बेंच या डिवीजन बेंच में सूचीबद्ध करने के लिए ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई सभी सजाओं के जोड़ को नहीं, बल्कि दी गई सबसे अधिक सजा को आधार माना जाएगा। साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि यदि ट्रायल कोर्ट एक से अधिक सजाएं देते समय यह स्पष्ट नहीं करता कि वे साथ-साथ चलेंगी या एक के बाद एक, तो इसका लाभ आरोपी को दिया जाएगा और सजाओं को प्रथम दृष्टया साथ-साथ चलने वाली माना जाएगा। जस्टिस अनूप चितकारा और जस्टिस सुखविंदर कौर की खंडपीठ ने कहा कि यदि अदालतें इस पहलू पर ध्यान न दें तो यह उनके कर्तव्य में चूक होगी। पीठ ने रजिस्ट्रार (लिस्टिंग) से अनुरोध किया कि इस मुद्दे को मुख्य न्यायाधीश के संज्ञान में लाया जाए। सुझाव दिया गया कि जहां दोषसिद्धि के फैसले में यह उल्लेख नहीं हो कि सजाएं समवर्ती होंगी या क्रमिक, वहां रजिस्ट्री को प्रारंभिक तौर पर सजाओं को समवर्ती मानते हुए मामला सूचीबद्ध करना चाहिए।

अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश

## क्रिसमस और नववर्ष को लेकर पुलिस की व्यापक सुरक्षा तैयारी

चंडीगढ़। क्रिसमस एवं नववर्ष के अवसर पर प्रदेशभर में शांति, कानून-व्यवस्था तथा नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हरियाणा पुलिस ने व्यापक, सुदृढ़ एवं बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की है। पुलिस महानिदेशक, हरियाणा के स्पष्ट निर्देशों के तहत सभी पुलिस आयुक्तों, जिला पुलिस अधीक्षकों एवं संबंधित इकाइयों को पूर्ण सतर्कता बरतने, अलर्ट मोड में रहकर समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए गए हैं, ताकि त्यौहारों के दौरान आमजन को सुरक्षित, 25 दिसंबर (क्रिसमस) तथा 31 दिसंबर की रात्रि और 1 जनवरी 2026 को नववर्ष समारोह के दौरान प्रदेश के प्रमुख शहरों-गुरुग्राम, फरीदाबाद, रोहतक, हिसार, पंचकूला, अंबाला, सोनीपत, करनाल, पानीपत एवं रेवाड़ी आदि में बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने की संभावना है।

### बाजारों, मॉल व अन्य जगह अतिरिक्त जवान किए जाएंगे तैनात

विशेष रूप से बाजारों, मॉल, पर्यटन स्थलों, रिसॉर्ट्स, पब एवं बारों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकतम पुलिस बल को मैदान में उतारा जाएगा। पेट्रोलिंग, मोबाइल पेट्रोलिंग, नाका ड्यूटी एवं स्थायी ड्यूटी को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। पुलिसकर्मियों को पुनः व्यवस्थित कर उन्हें प्राथमिक रूप से सक्रिय फील्ड ड्यूटी में तैनात किया जाएगा। त्योहारों के दौरान यातायात सुचारू रखने के लिए सभी प्रमुख चौराहों, मुख्य सड़कों पर नजर रखी जाएगी।

### रूस में फंसे युवकों की सुरक्षित वापसी करवाए सरकार : दीपेंद्र



चंडीगढ़। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा शुक्रवार रूस में फंसे भारतीय युवाओं की सुरक्षित वतन वापसी की मांग को लेकर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह से मिले और उन्हें जबरन रूसी सेना में शामिल किए गए भारतीय छात्रों की सुरक्षित वतन वापसी के गंभीर मुद्दे से अवगत कराते हुए रूस में फंसे भारतीय युवाओं की सूची और पत्र भी दिया। उन्होंने इस संबंध में विदेश मंत्रालय से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए तत्काल हस्तक्षेप करने और रूसी सरकार से उच्च स्तर पर बातचीत कर सभी भारतीय नागरिकों की तत्काल वतन वापसी सुनिश्चित कराने की मांग की। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने सभी की सुरक्षित वापसी का हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने विदेश राज्य मंत्री को बताया कि छात्र वीजा पर पढ़ाई के लिए रूस गए कई युवाओं को बहला-फुसलाकर कथित रूप से रूसी सेना में भर्ती कर दिया गया और यूक्रेन सीमा के पास युद्धक्षेत्र में भेज दिया। चिंता की बात यह है कि इनमें से अनेक छात्रों के लापता होने की खबर है। जिससे परिवारजन बेहद पीड़ा, भय और मानसिक तनाव में हैं।

### गरीबों से रोजगार छीन रही सरकार : दुष्यंत

चंडीगढ़। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश की बीजेपी सरकार द्वारा मनरेगा का काम रोकने पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मुख्यमंत्री श्वेत पत्र जारी करके प्रदेश की जनता को बताएं कि उन्होंने क्यों पत्र लिखकर आदेश जारी किए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अभी तक मनरेगा समाप्त नहीं की गई है, लेकिन सीएम ने अनुमति के बाद ही दोबारा काम शुरू करने के आदेश दिए है। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि बीजेपी गरीब लोगों के रोजगार के अवसर छीनने में लगी हुई है। वे शुक्रवार को कुरुक्षेत्र, करनाल और कैथल में धन्यवादी दौरे के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। वहीं उन्होंने कांग्रेस के अविश्वास प्रस्ताव को बेतुका बताया। चौटाला ने कहा कि बीजेपी सरकार में प्रदेश के हालात बद से बदतर हो गए है। उन्होंने कहा कि सरकार का न तो कानून व्यवस्था पर कोई कंट्रोल है और न ही सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों को मिल रहा।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

मु.न. 216 दिनांक 27.04.2023 धारा 346 भा. द.स. थाना खरखौदा जिला सोनीपत ।



गुमशुदा की पहचान

नाम- मोनू।
पिता का नाम - राम जयोदास।
पत्ता- मिल्की वार्ड न. 1 जिला बेगमपुर बिहार हाल DLF भट्टा गांव सिलाना जिला सोनीपत।
उम्र 21 वर्ष।
कद - 5 फुट 2 इन्च ।
हुलियाः- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे, पतला शरीर है।
पहनावा हरे रंग का शर्ट, स्लेटी रंग की लोवर, पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनाकं 21.04.2023 को मोनू पुत्र राम जयोदास वासी मिल्की वार्ड न. 1 जिला बेगमपुर बिहार हाल DLF भट्टा गांव सिलाना जिला सोनीपत से अपनी मर्जी से बिना बताए कहीं चला गया हैं। अब तक वापिस नही आया हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना मो० न0-7419410536
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 9996017456
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।,
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/4247/2026/41326/88/6 दि. 19.12.25


### मानीयों को 'अग्निपथ नहीं जनपथ' की प्रतियां भेंट की



चंडीगढ़। भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. सतीश पूनिया ने लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती को समर्पित अपनी पुस्तक अग्निपथ नहीं जनपथ (संवाद से संघर्ष तक) हरियाणा विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण मिढा, कैबिनेट मंत्री अनिल विज, विपुल गोयल, राव नरवीर सिंह,कृष्ण बेढी, राजेश नागर सहित विधायकगणों को भेंट की। भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि अग्निपथ नहीं जनपथ एक राजनीतिक यात्रा और जनसेवा का प्रामाणिक चित्रण है जो संवाद के माध्यम से समाज के लिए काम करने की प्रेरणा देती है।

### रिपब्लिक डे कैंप में हिस्सा लेंगे प्रदेश के 37 एनसीसी कैडेट्स



चंडीगढ़। एनसीसी डायरेक्टोरेट हरियाणा एडिशनल डायरेक्टर मेजर जनरल भारत मेहतानी ने शुक्रवार को राज्यपाल असीम घोष से मुलाकात की और उन्हें रिपब्लिक डे कैंप (आरडीसी) 2026 में हिस्सा लेने के लिए चुने गए हरियाणा के 37 एनसीसी कैडेट्स की शानदार उपलब्धियों के बारे में बताया।राज्यपाल ने कैडेट्स के समर्पण, अनुशासन एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहा। उनकी उपलब्धियों के सम्मानस्वरूप, उन्होंने रिपब्लिक डे कैंप (आरडीसी) 2026 के समापन के पश्चात राजभवन में एट होम समारोह आयोजित करने की स्वीकृति प्रदान की, जिसमें कैडेट्स को सम्मानित किया जाएगा।

## ऑनलाइन ट्रांसफर नीति के लिए मेडिकल कॉलेजों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

चंडीगढ़। प्रदेश में चल रही ऑनलाइन ट्रांसफर ड्राइव्स की प्रक्रिया के तहत मेरिट अंक का दावा करने के लिए नियमित हरियाणा सरकार के कर्मचारियों को मेडिकल प्रमाण-पत्र प्राप्त करने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग द्वारा राज्यभर के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर नीति के अनुसार, डेबिलिटेटिंग डिसऑर्डर्स की श्रेणी में आने वाली बीमारियों से पीड़ित कर्मचारी (स्वयं), अपने जीवनसाथी अथवा अविवाहित पुत्र/पुत्री के लिए मेरिट अंक का दावा करने के पात्र हैं, बशर्ते कि मेडिकल कॉलेज की विधिवत गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी वैध मेडिकल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाए।

### *मेडिकल प्रमाणपत्र जारी करेंगे*

*चिकित्सा शिक्षा विभाग ने निर्देश दिए हैं कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों के मेडिकल बोर्ड ऐसे मामलों की प्राथमिकता के आधार पर जांच करें तथा समुचित सत्यापन के उपरांत, आवेदन प्राप्त होने की तिथि से यथासंभव तीन दिनों के भीतर मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर नीति में सूचीबद्ध बीमारियों के लिए आवश्यक मेडिकल प्रमाण-पत्र जारी करें।सरकार ने सहानुभूतिपूर्ण तथा एकमुश्त विशेष दृष्टिकोण अपनाते हुए यह भी निर्णय लिया है कि चल रहे ट्रांसफर ड्राइव्स के अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों को मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर नीति की धारा 4(ii)(6) के अनुसार आवश्यक मेडिकल प्रमाण-पत्र प्राप्त करने एवं उसे अपने संबंधित चेकर के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय देते हुए 25 दिसंबर तक की अनुमति प्रदान की गई है। यह स्पष्ट किया गया है कि 25 के बाद जारी किया गया कोई भी मेडिकल प्रमाण-पत्र किसी भी परिस्थिति में चल रहे ड्राइव में स्वीकार नहीं किया जाएगा।*


**Indian Red Cross Society**
District Branch, Mahendergarhat Narnaul

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला रैडक्रास सोसायटी महेंद्रगढ स्थित नारनौल द्वारा उप–मण्डल अधिकारी (ना.) परिसर महेंद्रगढ में रैडक्रास कैन्टिन एवं फोटो स्टेट की नीलामी एक वर्ष के लिए करने हेतु दिनांक 31.12.2025 को उप–मण्डल अधिकारी (ना0) परिसर महेंद्रगढ में प्रातः 11:30 बजे खुली बोली के आधार पर उच्चतम बोली पर छोडी जाएगी। इच्छुक व्यक्ति मौके का लाभ उठाएं। नियम व शर्तें जिला रैडक्रास नारनौल के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

सचिव,
जिला रैड क्रास सोसायटी, महेंद्रगढ स्थित नारनौल



**राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस)**
(जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान), भारत सरकार
गेट नं. 5, जीवन तारा बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली–110001

**अधिसूचना**

**एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्टाफ चयन परीक्षा (ईएसएसई) – 2025**

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (NESTS) द्वारा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRSs) में **शिक्षकीय** एवं **गैर–शिक्षकीय** पदों पर भर्ती हेतु ESSE–2025 की घोषणा की गई है।

प्रथम चरण (Tier-I) परीक्षा में छात्रावास अधीक्षक, स्टाफ नर्स (महिला), **कनिष्ठ सचिवालय सहायक** एवं **प्रयोगशाला परिचारक** पदों की परीक्षा **21 दिसंबर 2025** को आयोजित की जाएगी।

उम्मीदवार अपने प्रवेश–पत्र निम्न लिंक से डाउनलोड कर सकते हैं:

**https://examinationservices.nic.in/AdmitCardService/Admitcard/Login?apprefno=102992511**

भविष्य की अद्यतनों हेतु उम्मीदवारों को वेबसाइट **www.nests.tribal.gov.in** पर नियमित रूप से विज़िट करने की सलाह दी जाती है।

जारीकर्ता: **NESTS**



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में फेरी से भुना (रोड आईडी 5427) तक रोड का सुधार (पीआर कार्य के पीएमजीएसवाई स्कीम के तहत) + 1 अन्य कार्य। | 18.12.2025 29.12.2025 | 393.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में सेक्टर–9 में 200 बिस्तर वाले सिविल हस्पताल का निर्माण (11 केवी सब स्टेशन, डीजी सैट और स्ट्रीट/सिक्योरिटी लाइट्स का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 18.12.2025 23.12.2025 | 618.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में कलानौर में 50 बिस्तर वाले हस्पताल में आपातकालीन खण्ड सहित ओपीडी का निर्माण (सोलर पावर प्लांट का प्रावधान केवल) + 4 कार्य। | 18.12.2025 26.12.2025 | 67.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | पश्चिम जुआ ड्रेन आरडी 23600 के बाए किनारे के नीचे क्रॉसिंग सरदारा माइनर आरडी 14400 हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 22.12.2025 | 4.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | बहादुरगढ़ माइनर के आरडी 42000 से 44510, आरडी 22687 क्षतिग्रस्त वर्टिकल वॉल की मरम्मत और वर्टिकल ऊपर उठाना तथा आसोदा माइनर के आरडी 6150/आर साइड पर क्षतिग्रस्त लाइनिंग की मरम्मत। | बंद होने की तिथि 25.12.2025 | 7.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | वर्कशॉप डिवीजन, चरखी दादरी में सिंचाई भवन, चरखी दादरी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 01.01.2026 | 462.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8816016044 xenworkshopdadri@gmail.com |
| 7 | पशुपालन एवं डेयरी विकास, हरियाणा पंचकूला | एलएसडी के लिए बकरी चेचक वेक्सीन की अधिप्राप्ति। | 13.12.2025 29.12.2025 | 94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468366353 dg.ahd@hry.nic.in |
| 8 | पशुपालन एवं डेयरी विकास, हरियाणा पंचकूला | चार भाग ब्लड एनालाइजर (पशुचिकित्सा उपयोग हेतु)। | 15.12.2025 29.12.2025 | 354 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468366353 dg.ahd@hry.nic.in |
| 9 | पशुपालन एवं डेयरी विकास, हरियाणा पंचकूला | टर्नकी आधार पर लैब सर्जिकल मदें (पशुचिकित्सा उपयोग हेतु)। | 15.12.2025 29.12.2025 | 45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468366353 dg.ahd@hry.nic.in |
| 10 | पशुपालन एवं डेयरी विकास, हरियाणा पंचकूला | खरगोशों की अधिप्राप्ति। | 17.12.2025 30.12.2025 | 35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468366353 dg.ahd@hry.nic.in |
| 11 | पशुपालन एवं डेयरी विकास, हरियाणा पंचकूला | बीएसएल–II और HVVI लैब विभाग का अपग्रेडेशन। | 17.12.2025 30.12.2025 | 400 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468366353 dg.ahd@hry.nic.in |
| 12 | अर्ध-शुष्क बागवानी हेतु बागवानी उत्कृष्टता केन्द्र, गिगनाऊ, भिवानी | अर्ध-शुष्क बागवानी हेतु बागवानी उत्कृष्टता केन्द्र, गिगनाऊ, भिवानी में टीशु कल्चर ब्लूबेरी प्लांट्स की आपूर्ति के सम्बन्ध में। | 22.12.2025 21.01.2026 | 30000 | https://hortharyana.gov.in | 9812943870 coesahgignow@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2026/240/41341/I/88/6 दि. 19.12.25

# रेवाड़ीः ट्रक की टक्कर से पिकअप में लगी आग, चालक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏩ कोसली

कोसली बाईपास पर बुधवार की रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद पिकअप गाड़ी में आग लग गई। आसपास के लोगों ने घायल पिकअप चालक को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी। रात को महेंद्रगढ़ जिले के गांव करोता का रहने वाला प्रदीप झज्जर से अपने घर के लिए निकला था। जब वह झज्जर से कनीना की ओर जा रहा था, तो कोसली बाईपास पर सामने से आ रहे ट्रक ने पिकअप को टक्कर मार दी। हादसे के बाद पिकअप गाड़ी में आग लग गई। आसपास के लोगों ने चालक को पिकअप से बाहर निकालते हुए आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। चालक प्रदीप को एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया। पिकअप गाड़ी का काफी हिस्सा जल गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी।



रेवाड़ी। ट्रक की टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त पिकअप।

# सोनीपत : चार बच्चों को डुबोकर मारने वाली पूनम साइको नहीं, मनोरोग जांच में फेल हुआ नाटक

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत



साइको किलर मामले में पुलिस की जांच अपने अंतिम और निर्णायक चरण में पहुंच गई है। पुलिस अधिकारियों का मुख्य ध्यान अब आरोपित पूनम के विरुद्ध एक ऐसी अभेद्य चार्जशीट तैयार करने पर है, जिसे वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों के साथ अदालत में पेश किया जा सके। इस कानूनी दस्तावेज को तैयार करने के लिए पुलिस न केवल भौतिक साक्ष्यों, बल्कि आरोपित की मानसिक स्थिति और उसके द्वारा किए गए अपराध की क्रूरता को भी आधार बना रही है। जांच प्रक्रिया को मजबूती देने के लिए हाल ही में पुलिस टीम ने आरोपित पूनम को साथ लेकर घटनास्थलों का दौरा किया और अपराध के दृश्यों का पुनः निर्माण यानी क्राइम सीन रीक्रिएशन करवाया। इस पूरी कार्यवाही के दौरान पुलिस ने बारीकी से यह समझने का प्रयास किया कि किस प्रकार आरोपित ने वारदातों को अंजाम दिया और साक्ष्यों को मिटाने की कोशिश की। एसीपी राहुल देव के अनुसार इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई गई है, ताकि अदालत में आरोपित की उपस्थिति और उसके बयानों की सत्यता को ठोस प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया जा सके। रीक्रिएशन के दौरान सामने आए तथ्यों और पूनम के बयानों में समानता मिलने से पुलिस का पक्ष काफी मजबूत हुआ है। फिलहाल पुलिस फाइल को अंतिम रूप देने में जुटी है। आने वाले दिनों में जब यह विस्तृत चार्जशीट अदालत के पटल पर रखी जाएगी, तो इस साइको किलर केस की कई अन्य परतें भी खुलने की संभावना है।

### असामान्य नफरत का होगा विशेष उल्लेख

इस मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू आरोपित की मानसिक प्रवृत्ति रही है। पुलिस पूछताछ और जांच में यह बार-बार सामने आया है कि आरोपित पूनम को सुंदर बच्चों से अत्यधिक नफरत थी। उसकी इसी विकृत सोच ने उसे अपराध की राह पर धकेला। पुलिस इस विशेष पहलू को अपराध के मुख्य कारण के रूप में देख रही है। चार्जशीट में इस बात का विशेष उल्लेख किया जाएगा कि किस प्रकार एक असामान्य ईर्ष्या और नफरत ने उसे हत्यारिन बना दिया।

### पूरी तरह से सामान्य पाई गई मानसिक स्थिति

आरोपित के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर भी पुलिस ने स्थिति स्पष्ट की है। हालांकि पूनम के व्यवहार को देखते हुए उसकी मानसिक स्थिति पर सवाल उठ रहे थे, लेकिन मनोचिकित्सक द्वारा की गई प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में उसे मानसिक रूप से पूरी तरह सामान्य पाया गया है। इसका अर्थ यह है कि वह पूरी तरह होशोहवास में थी और उसे अपने किए गए कृत्यों के परिणामों का भली-भांति ज्ञान था। पुलिस अब चिकित्सक की विस्तृत और अंतिम रिपोर्ट की प्रतीक्षा कर रही है, जिसे केस डायरी का हिस्सा बनाया जाएगा। यह रिपोर्ट अदालत में यह साबित करने के लिए महत्वपूर्ण होगी कि आरोपित किसी मानसिक रोग की आड़ लेकर सजा से बच न सके।

## खबर संक्षेप

### इग्नू में 31 जनवरी तक ले सकते हैं दाखिला

**फतेहाबाद।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा जनवरी 2026 सत्र के लिए ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग एवं ऑनलाइन लर्निंग कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थी 31 जनवरी तक इग्नू में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इग्नू द्वारा वर्ष में दो बार जनवरी और जुलाई सत्र में प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जाती है। इग्नू में जनवरी 2026 सत्र के लिए दाखिले शुरू हो चुके हैं।

### निवेश के नाम पर 7,92,000 रुपये की ठगी, आरोपी धरा

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर की गई ठगी के एक मामले में ठगों को बैंक खाता उपलब्ध करवाने वाले एक आरोपी को लुधियाना से गिरफ्तार किया है। सेक्टर-34 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में शिकायत दर्ज कराई थी कि ठगों ने उसके पिता से व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर एक एप डाउनलोड करवाया तथा शेयर मार्केट में निवेश का झांसा दिया। ठगों के कहने पर उसके पिता ने कुल 7,92,000 रुपये का निवेश किया।

### साइबर ठगी करने के आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए 13-14 दिसम्बर की रात को स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ कर रही है।

## वारदात से हड़कंप : 13 साल पहले के डबल मर्डर केस से जुड़े तार, जेल से छूटा था भतीजा

# कैथल में ताऊ-भतीजे की हत्या दौड़ा-दौड़ाकर गोलियां मारीं

**2012 में जमीनी विवाद में हुआ था मर्डर इस मामले में राजेंद्र का भी नाम आया था**

हरिभूमि न्यूज ⏩ कैथल

आपसी रंजिश को लेकर शुक्रवार को गांव पाई में एक ही परिवार के एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के ताऊ व भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी। 38 साल के राजेंद्र की पूंडरी जाते समय जटहेड़ी के पास व उसके 75 वर्षीय ताऊ वीरभान की गांव पाई में गोली मारकर हत्या की गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक उपासना, डीएसपी सुशील प्रकाश व बीरभान तथा सीआईए की टीमें व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल लाए गए। जहां से पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। एफएसएल की टीमों ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।



कैथल। घटना स्थल पर जांच करते डीएसपी सुशील प्रकाश। फोटो: हरिभूमि

### कुछ नाम सामने आए हैं जिसे कर रहे ट्रेस



पाई गांव में ताऊ व भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी है। इसमें कुछ लोगों के नाम सामने आए है, जिसे ट्रेस कर रहे है। मामले में 2012 के एक जमीनी मामले में डबल मर्डर हुआ था जिससे इसके तार जुड़े हैं और बाकी पूछताछ की जा रही है। मामले में पुलिस की अलग अलग कई टीमें जुटी हुई हैं और हर तरीके से जांच कर रहे हैं। आस-पास के जिलों की पुलिस को भी अलर्ट किया गया है।

-उपासना, पुलिस अधीक्षक

### भतीजे को सड़क पर और ताऊ को खेत में मारी गोली



वीरभान



राजेंद्र

वर्ष 2012 में गांव पाई में जमीनी विवाद के चलते दो व्यक्तियों का मर्डर हुआ था। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि यह मर्डर उसी से जोड़कर किया गया। गांव पाई का राजेंद्र जब शुक्रवार को प्रातः करीब 9 बजे पाई से पूंडरी कुछ सामान लेने स्कूटी पर आ रहा था। जब राजेंद्र गांव जटहेड़ी के पास पहुंचा तो रास्ते में दो बाइक सवारों ने उसे घेर लिया। खुद को घिरा देखकर राजेंद्र अपनी स्कूटी सडक के किनारे छोड़कर खेतों की ओर भागा लेकिन हत्यारों ने उसका पीछा किया और एक के बाद कई गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। उसके बाद आरोपी बाइक सवारों ने लगभग 5-6 किलोमीटर दूर गांव पाई में पहुंचकर लगभग 10 मिनट बाद उसके ताऊ वीरभान की भी गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि इस दौरान वीरभान भी खेतों में पूजा करके घर लौट रहा था कि बीच चौराहे गोली मारकर उसकी आरोपियों ने हत्या कर दी।

### दोनों हत्याओं में करीब 5-7 किमी की थी दूरी

दोनों हत्याओं में करीब 5-7 किलोमीटर की दूरी और लगभग 10 से 15 मिनट का अंतराल हैं। मृतक राजेंद्र हत्या के मामले में 2019 हाईकोर्ट से जमानत पर था जबकि बुजुर्ग वीरभान उसका ताऊ था। दोनों हत्याओं के बाद गांव में दहशत का माहौल है और गांव भी पुलिस बल की तैनाती की गई है। मृतक राजेंद्र का 2012 में हुए मर्डर के मामले में 13 अन्य आरोपियों के साथ नाम था। राजेंद्र को उस मामले में उम्र कैद की सजा सुनाई गई थी। 2018 में वह अदालत से बेल लेकर बाहर आया हुआ था और उसके बाद गांव पाई में अपने घर पर रहते हुए खेती-बाड़ी व अन्य कार्य कर रहा था। उसके बाद से दूसरे पक्ष के लोग उसे रंजिश रखे हुए थे। अभी मारे गए ताऊ व भतीजा के उस हत्या में नाम शामिल थे। इसमें राजेन्द्र को जेल भेज दिया गया था। जबकि उसके ताऊ वीरभान उर्फ भाना का नाम जांच के दौरान केस में से हटाया गया था। 4 से 5 साल पहले ही राजेन्द्र जेल से छूट कर आया था।



सिरसा। चालक-परिचालक में झगड़े के बाद खेतों में उतरी रोडवेज बस।

## सवारियों को बैठाने-उतारने पर हुआ विवाद

# रोडवेज चालक-परिचालक में झगड़ा बस खेतों में उतारी, दोनों सस्पेंड

***हरियाणा रोडवेज की बस राजस्थान के पोकरण से सिरसा आ रही थी***

हरिभूमि न्यूज ⏩ चोपटा

नाथूसरी चोपटा कस्बे में हरियाणा रोडवेज चालक व परिचालक में झगड़े के बाद बस सडक़ से नीचे खेतों में उतर कर क्षतिग्रस्त हो गई। चालक-परिचालक में हो रहे झगड़े को देखते हुए सवारियां पहले ही उतर गई, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। मामला रोडवेज विभाग के संज्ञान में आया तो अधिकारियों ने दोनों को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। हरियाणा रोडवेज की यह बस शुक्रवार को राजस्थान के पोकरण से सिरसा आ रही थी। बस के परिचालक सुरेंद्र कुमार व चालक अशोक कुमार के बीच यात्रियों को उतारने और बस रोकने पर विवाद शुरू हो गया। बताया जा रहा है इससे पहले बीकानेर के अर्जुनसर शहर में भी झगड़ा हुआ था। इसके बाद दोनों बस लेकर सिरसा के चौपटा में बस स्टैंड पर आ गए। यहां पर सवारियों को लेकर फिर से झगड़ा हो गया। परिचालक सुरेंद्र कुमार व चालक अशोक कुमार के बीच झगड़ा होते हुए देखकर यात्रियों ने भी समझाने का प्रयास किया। चौपटा में रोडवेज के अधिकारियों ने भी चालक व परिचालक को समझाने का प्रयास किया। मगर उन्होंने किसी की भी नहीं सुनी। इस पर रोडवेज बस से यात्री नीचे उतर गए। इसके बाद चालक व परिचालक बस में बहसबाजी करते हुए सिरसा की तरफ जाने लगे। इसके बाद दड़बा कलां के पास बस नीचे खाई में उतर दी। हालांकि इस घटना में चालक-परिचालक को कोई चोट नहीं आई, लेकिन बस का अगला हिस्सा कुछ क्षतिग्रस्त हो गया।

### सिरसा डिपो के टीएम ने की कार्रवाई

घटना की सूचना रोडवेज विभाग के अधिकारियों को मिली। विभाग के टीएम सुधीर कुमार ने चालक व परिचालक को सस्पेंड कर दिया है। सिरसा डिपो के टीएम सुधीर कुमार ने बताया कि चालक-परिचालक को तुरंत प्रभाव से संस्पेंड कर दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# फतेहाबाद में महिला नशीली दवाओं के साथ दूसरी बार पकड़ी गई

हरिभूमि न्यूज ⏩ फतेहाबाद

नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के अंतर्गत हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की यूनिट फतेहाबाद ने एक महिला को भारी मात्रा में नशीली दवाओं सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान प्रिया रानी पत्नी अनिल कुमार उर्फ काकु पुत्र चिरंजी लाल निवासी गाँव महमदगी, जिला फतेहाबाद के रूप मे हुई है। पुलिस ने उसके पास से 900 टैपटाजोल गोलियों और 1350 प्रेगाबलिन केपसूलों को बरामद कर ड्रग कंट्रोलर ऑफिसर के हवाले किया है। यूनिट प्रभारी उप निरिक्षक तरसेम सिंह ने बताया कि यूनिट की एक टीम एएसआई रोशन लाल के साथ नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु थाना शहर रतिया के एरिया मे मौजूद थी। गस्त के दौरान जब एएसआई अपनी टीम के साथ गांव महमदगी से गुजर रहे थे तो पुलिस की गाड़ी को देखकर गली में बैग के साथ खड़ी एक महिला घबराकर जल्दी-जल्दी से अपने नजदीक बने मकान में चली गई। बैग से 900 टैपटाजोल गोलियों और 1350 प्रेगाबलिन केपसूल बरामद किए गए।



फतेहाबाद। नशीली दवाओं सहित गिरफ्तार महिला। फोटो: हरिभूमि

### दुष्कर्म के दोषी को दस साल की कैद

**सिरसा।** सिरसा की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने नागालिग से दुष्कर्म करने के मामले में शुक्रवार को आरोपी को दोषी ठहराते हुए दस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी पर 37 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया गया है। मामले के अनुसार 29 मई 2019 को महिला थाना डबवाली में कक्षा आठवीं की नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया था। मामले में डबवाली थाना पुलिस ने पीड़िता के बयान 164 सीआरपीसी के तहत मजिस्ट्रेट के सामने करवाए गए। पीड़िता के बयानों एवं साक्ष्यों के आधार पर पॉक्सो अधिनियम की धारा 4 सहित अन्य आवश्यक धाराएं जोड़ी गई। आरोपी को 4 जून 2019 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया और चालान अदालत में पेश किया गया।

## 12 मई 2015 को जमीन को लेकर भिड़ गए थे परिजन

# हत्या करने वाले 4 दोषियों को उम्र कैद व प्रयास करने पर 6 को 7 सात की जेल

हरिभूमि न्यूज ⏩ जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नेहा नोरिया की अदालत ने हत्या करने के जुर्म में चार दोषियों को उम्र कैद तथा 33-33 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं दूसरे पक्ष के छह लोगों को दोषी करार देते हुए सात वर्ष कैद व 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार नरवाना खंड के गांव दनौदा खुर्द में 12 मई 2015 को जमीन को लेकर एक ही परिवार के लोग आपस में भिड़ गए थे। जिसमें तेजधार हथियारों का प्रयोग किया गया था। इस झगड़े में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए थे। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इस झगड़े में एक गुट के प्रताप की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। जिस पर पुलिस ने एक गुट के लोगों के खिलाफ हत्या तथा दूसरे गुट के लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। शुक्रवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नेहा नोहरिया की अदालत ने एक पक्ष के भजन उर्फ लाल सिंह उर्फ हरभजन सिंह, रमेश सिंह, रामफल सिंह तथा इंद्रो देवी को हत्या का दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा तथा 33-33 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

### हिसारः पत्नी के हत्यारे को उम्रकैद व जुर्माना

**हिसार।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश निशांत शर्मा की अदालत ने घरेलू विवाद के चलते पत्नी की हत्या करने वाले मंगाली मोहब्बत निवासी अमित उर्फ मिठिया को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद सुनाई है। अदालत ने उस पर 15 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। अदालत में चले मामले के अनुसार आरोपी अमित ने पहले अपनी पत्नी अनीता के लापता होने की झूठी कहानी गढ़ी थी। मामले के अनुसार 15 अक्टूबर 2023 को अमित की पत्नी अनीता अचानक घर से गायब हो गई थी। अमित ने 19 अक्टूबर को आजाद नगर थाना में अनीता की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

## डबवाली में बच्ची के अपहरण के बाद हत्या का मामला

# सीएम हाउस के आश्वासन के बाद चार वर्षीय बच्ची का हुआ अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏩ डबवाली

उपमंडल के गांव रामपुरा बिश्नोईयां में चार वर्षीय बच्ची के अपहरण के बाद हत्या के मामले में आंदोलन कर रही कमेटी व सरकार में सहमति बनने के बाद बच्ची का शुक्रवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। गौरतलब है कि तीन दिन पहले बच्ची का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। हालांकि मुख्य हत्यारोपी संजय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया लेकिन मासूम की इस निर्मम हत्या को लेकर लोगों में गुस्सा इतना था कि उन्होंने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए आंदोलन शुरू कर दिया। गुरुवार को इस मामले में वीडियो कॉल के जरिए मुख्यमंत्री से आश्वासन मिलने व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीण कुछ शांत हुए। बच्ची का स्मारक बनाने व परिवार को आर्थिक मदद का भरोसा भी मिला। इसके बाद आंदोलन वापस ले कर बच्ची का अंतिम संस्कार किया गया।

उधर, सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि चार वर्ष की मासूम बच्ची का दिनदहाड़े अपहरण और फिर नृशंस हत्या होना, भाजपा सरकार के शासन में कानून व्यवस्था के पूरी तरह ध्वस्त हो जाने का दिल दहला देने वाला प्रमाण है। यह सवाल बेहद गंभीर है कि जब इतनी छोटी बच्ची भी सुरक्षित नहीं है तो आम नागरिक की सुरक्षा की गारंटी कौन लेगा? दिन के उजाले में एक बच्ची का अपहरण हो जाना यह दिखाता है कि पुलिस प्रशासन और सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है।



सिरसा। धरना दे रहे लोगों को फैसला सुनाते कमेटी प्रतिनिधि।

**धर्म कर्म** | महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने किया था पिंडदान

# कड़ाके की ठंड पर आस्था भारी, पौष अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने स्नान कर किया पिंडदान

हरिभूमि न्यूज ⏩ जींद

पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर शुक्रवार को पौष अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने कडाके की ठंड के बीच सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान करके करके तर्पण किया। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर गुरुवार को शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था और पूरी रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। शुक्रवार को अल सुबह से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया जो मध्यान्ह के बाद तक चलता रहा। इस मौके पर दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्य देव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर यहां पिंडदान करने का विशेष महत्व है। यहां पिंडदान करने के लिए विभिन्न प्रांतों के लोग श्रद्धालु आते हैं। कडाके की ठंड व धुंध के बीच सुबह ही श्रद्धालुओं का आवागमन तीर्थ पर शुरू हो गया। तीर्थ पर पुलिसकर्मी पूरा दिन तैनात रहे। महिला घाटों पर महिला पुलिसकर्मियों की डयूटी लगाई गई थी। घाटों पर आटे के पिंडों के कारण फिसलन पैदा न हो, इसको ध्यान में रखते हुए घाटों पर पिंड डालने के लिए विशेष व्यवस्था रही।





जींद। पौष अमावस्या पर पिंडारा तीर्थ में स्नान एवं पिंडदान करवाते हुए श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

### मेले में श्रद्धालुओं ने जमकर की खरीदारी

पिंडारा तीर्थ पर पौष अमावस्या पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी भी की। तीर्थ पर जगह-जगह लोगों ने सामान बेचने के लिए फड़े लगाई हुई थी। जिस पर बच्चों तथा महिलाओं ने खरीददारी की। बच्चों ने जहां अपने लिए खिलौने खरीदे तो वहीं बड़ों ने भी घर के लिए सामान खरीदे।

लोकसभा का शीतकालीन सत्र समाप्त, स्पीकर बिरला ने बुलाई बैठक

# कई अहम विधेयक पारित, राजनीतिक दलों ने एक-दूसरे पर किए तीखे हमले
# 111 प्रतिशत रही सदन की उत्पादकता, सभापति ने भी दी माननीयों को नसीहत




शुक्रवार को लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया, इसके साथ ही संसद के 19 दिवसीय शीतकालीन सत्र का समापन हो गया। इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए


निचला सदन स्थगित

**92** घंटे और 25 मिनट की कुल बैठक

**19** दिवसीय शीतकालीन सत्र का समापन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शुक्रवार को लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया, जिसके साथ ही संसद के 19 दिवसीय शीतकालीन सत्र का समापन हो गया। इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए, जिनमें 20 साल पुरानी मनरेगा को निरस्त करने वाला विधेयक और निजी भागीदारी के लिए नागरिक परमाणु क्षेत्र को खोलने वाला विधेयक भी शामिल है। शीतकालीन सत्र के दौरान कुल बैठक का समय 92 घंटे और 25 मिनट था। शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपना संक्षिप्त विदाई भाषण पढ़ा, जिसमें उन्होंने उल्लेख किया कि सत्र के दौरान लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही और सदस्य महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा करने के लिए देर रात तक बैठे रहे। इसके बाद उन्होंने सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया, जिससे 1 दिसंबर को शुरू हुआ संक्षिप्त सत्र समाप्त हो गया।


लोकसभा अध्यक्ष के साथ सांसदों की बैठक का दृश्य

### 'वीबी-जी राम जी' विधेयक पास

इस सत्र के आखिरी दो दिनों में 'वीबी-जी राम जी' विधेयक लोकसभा और राज्यसभा से पास हुआ है। इसको लेकर विपक्ष ने काफी विरोध किया है। इसके अलावा राज्यसभा में परमाणु ऊर्जा से संबंधित शांति विधेयक भी परित हो चुका है। शीतकालीन सत्र के दौरान वंदे मातरम से लेकर चुनाव प्रक्रिया में सुधार को लेकर लंबी बहस हुई थी। जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से एक-दूसरे पर काफी पलटवार हुए।

## अंतिम कार्यदिवस पर कोई विधायी काम नहीं हो पाया

अंतिम कार्यदिवस पर लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के कारण कोई विधायी काम नहीं हुआ और स्पीकर ओम बिरला ने कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का ऐलान कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने अपने कक्ष में सांसदों को चाय पर आमंत्रित किया। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी, सपा सांसद धर्मेंद्र यादव समेत विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे।



## विदाई भाषण पर विपक्ष ने लगाए 'महात्मा गांधी की जय' के नारे

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विदाई भाषण पढ़ रहे थे, तब कुछ विपक्षी सदस्य 'महात्मा गांधी की जय' के नारे लगाते हुए देखे गए। निचली सदन की कार्यवाही स्थगित होने के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित थे। शीतकालीन सत्र की 15 बैठकों के दौरान सदन में दो राजनीतिक रूप से संवेदनशील बहसें हुईं - एक वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर और दूसरी चुनाव सुधारों पर।

### ओपीएस बहाली का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं

15 दिसंबर को लोकसभा में कुछ सवालों के जवाब में, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) या यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) के तहत आने वाले केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए ओपीएस को बहाल करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*राहुल का मोदी सरकार पर बड़ा हमला*

## 20 साल का मनरेगा एक दिन में ध्वस्त

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने विकसित भारत जी राम जी विधेयक को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। राहुल ने कहा कि मोदी सरकार ने 20 साल के मनरेगा को एक दिन में खत्म कर दिया। राहुलने आरोप लगाया कि सरकार ने विकसित भारत जी राम जी विधेयक को बिना ठीक से जांच पड़ताल किए संसद से पारित करवा दिया।



### विधेयक को गांव विरोधी करार दिया

राहुल ने मनरेगा की नए विधेयक विकसित भारत जी राम जी को गांव विरोधी करार दिया और कहा कि पीएम मोदी के लक्ष्य साफ हैं, ग्रामीण भारत, खासकर पिछड़े वर्ग की ताकत को कमजोर करना, सत्ता का केंद्रीकरण करना और फिर नारों को सुधार के तौर पर बेचना। एक पोस्ट में राहुल ने लिखा, 'मोदी सरकार ने 20 साल के मनरेगा को एक दिन में ध्वस्त कर दिया। इसने अधिकार , मांग आधारित गारंटी को खत्म कर दिया है। यह डिजाइन से ही राज्य विरोधी और गांव विरोधी है।

*पहले सत्र पर बोले सभापति राधाकृष्णन*

15 दिवसीय बैठकों का ब्योरा दिया

## व्यवधान सांसदों की गरिमा के अनुरूप नहीं, 121 प्रतिशत उत्पादकता दर्ज की

राज्यसभा के सभापति सीपीराधाकृष्णन ने जी राम जी के पारित होने के दौरान विपक्षी सदस्यों द्वारा किए गए आचरण पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि व्यवधान संसद सदस्यों की गरिमा के अनुरूप नहीं है। राधाकृष्णन ने 15 दिनी बैठकों के दौरान कार्यों का संक्षिप्त ब्योरा देने के बाद उच्च सदन को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया। गुरुवार को विपक्षी सदस्यों द्वारा नारेबाजी करने, तख्तियां दिखाने, मंत्री के जवाब में बाधा डालने, कागज फाड़ने और उन्हें आसन के समक्ष फेंकने से जो व्यवधान पैदा हुआ।



### विपक्ष ने किया विधेयकों का विरोध

राज्यसभा ने गुरुवार को आधी रात के बाद 12 बज कर 35 मिनट तक बैठक कर 20 साल पुरानी ग्रामीण रोजगार योजना 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना' (मनरेगा) को प्रतिस्थापित करने वाला विधेयक पारित किया, जिसके तहत अकुशल श्रम के लिए प्रति परिवार गारंटी वाले कार्यदिवसों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। विपक्षी सांसदों ने 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' से राष्ट्रपिता का नाम हटाए जाने का विरोध किया। सभापति ने कहा उच्च सदन का 269वां सत्र अत्यंत उत्पादक रहा और लगभग 92 घंटे की बैठकों के साथ 121 प्रतिशत उत्पादकता दर्ज की गई।

महिला वकील के कथित उत्पीड़न मामले में सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख

# संबंधित अवधि के सीसीटीवी फुटेज को सीलबंद कवर में सुरक्षित रखा जाए, 'छेड़छाड़' न हो

### केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नोएडा के एक पुलिस थाने में महिला वकील से कथित हिरासत में यौन उत्पीड़न और अवैध नजरबंदी के गंभीर आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। शीर्ष कोर्ट ने केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने गौतम बुद्ध नगर के पुलिस आयुक्त को स्पष्ट निर्देश दिया है कि संबंधित अवधि की सीसीटीवी फुटेज को न तो हटाया जाए और न ही नष्ट किया जाए। अदालत ने आदेश दिया कि फुटेज को सीलबंद कवर में सुरक्षित रखा जाए। कोर्ट ने शुरुआत में याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने की सलाह दी थी, लेकिन आरोपों की गंभीरता और सीसीटीवीसे जुड़े मुद्दे को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई का फैसला किया। इस पर अगली सुनवाई 7 जनवरी को होगी। सुनवाई के दौरान महिला वकील की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया गया। पीठ ने कहा कि अदालत के आदेश के बाद अब कोई उन्हें छूने की हिम्मत नहीं करेगा।

7 जनवरी को होगी अगली सुनवाई

अदालत ने पुलिस आयुक्त को स्पष्ट निर्देश दिया


सुप्रीम कोर्ट

### वरिष्ठ वकील ने बताया 'बेहद गंभीर मामला'

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने इसे 'बेहद गंभीर और शर्मनाक' मामला बताया। उन्होंने कहा कि यदि दिल्ली से सटे नोएडा में इस तरह की घटना हो सकती है, तो देश के अन्य हिस्सों की स्थिति की कल्पना करना मुश्किल नहीं है।

### सीसीटीवी बंद करने का भी आरोप लगाया

याचिका में दावा किया गया है कि घटना के समय पुलिस स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे जानबूझकर बंद कर दिए गए या हटा दिए गए, जो सुप्रीम कोर्ट के पूर्व आदेशों का सीधा उल्लंघन है। साथ ही आरोप लगाया गया कि पुलिस अधिकारियों ने एफआईआर दर्ज करने से इनकार किया और पीड़िता को धमकियां दी गईं।

### एसआईटी या सीबीआई जांच की मांग

याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि इस मामले में संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए जाएं और निष्पक्ष जांच के िए मामले को विशेष जांच दल (एसआईटी) या सीबीआई को सौंपा जाए।

### 14 घंटे की अवैध हिरासत और उत्पीड़न का आरोप

महिला वकील ने आरोप लगाया कि जब वह अपने मुवक्किल की ओर से कानूनी जिम्मेदारी निभा रही थीं, तब नोएडा के सेक्टर-126 थाने में उन्हें करीब 14 घंटे तक अवैध रूप से हिरासत में रखा गया।

## 'सर तन से जुदा' का नारा भारत की संप्रभुता के लिए खतरा' और कानून को सीधी चुनौती


इलाहाबाद हाईकोर्ट

इलाहाबाद हाई कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

इलाहाबाद। यहा की हाई कोर्ट ने सितंबर 2005 में बरेली हिंसा में शामिल आरोपी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। हाई कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि 'गुस्ताख-ए-नबी की एक सजा, सर तन से जुदा, सर तन से जुदा' का नारा लगाना कानून के अधिकार और संप्रभुता को सीधी चुनौती देना है और भारत की संप्रभुता और अंखडता के लिए गंभीर खतरा है, क्योंकि यह हिंसा और सशस्त्र विद्रोह को बढ़ावा देता है। जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इस तरह के नारे का प्रयोग न केवल भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 के तहत दंडनीय है,जो भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्यों से संबंधित है, बल्कि यह स्वयं इस्लाम के मूल सिद्धांतों के भी विरुद्ध है।

### इसे कानूनी व्यवस्था को चुनौती देने के बराबर बताया

हाई कोर्ट ने टिप्पणी की 'गुस्ताख-ए-नबी की एक सजा, सर तन से जुदा, सर तन से जुदा' का नारा लगाना, जिसमें नबी (पैगंबर) का अपमान करने पर सिर कलम करने की सजा का प्रावधान है, भारत की संप्रभुता और अखंडता के साथ-साथ भारतीय कानूनी व्यवस्था को चुनौती देने के बराबर है, जो गंभीर संवैधानिक उद्देश्य पर आधारित है और लोकतांत्रिक सिद्धांतों में निहित है।

पूर्वोत्तर को मिलेगा वर्ल्ड-क्लास गेटवे

# पीएम मोदी आज करेंगे 'बैम्बू ऑर्किड्स' टर्मिनल-2 का उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम का 20-21 को असम दौरा

पीएम नरेंद्र मोदी 20 दिसंबर को गुवाहाटी हवाई अड्डे पर बैम्बू ऑर्किड्स टर्मिनल 2 का उद्घाटन करेंगे। यह सालाना 1.31 करोड़ यात्रियों को संभालने के लिए बनाया गया है। गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्टपर नई इंटीग्रेटेड टर्मिनल बिल्डिंग (टर्मिनल-2) का उद्घाटन प्रधामंत्री 20 दिसंबर को करेंगे। यह टर्मिनल असम की सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित 'बैम्बू ऑर्किड्स' थीम पर आधारित है, जिसमें बांस की वास्तुकला, फॉक्सटेल ऑर्किड के मोटिफ्स और गमोसा से प्रेरित डिजाइन शामिल हैं। गुवाहाटी हवाई अड्डे पर बना यह नया टर्मिनल सस्टेनेबल डिजाइन को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जो आधुनिक सुविधाओं के साथ स्थानीय संस्कृति का सुंदर मिश्रण प्रस्तुत करता है।

### 13.1 मिलियन यात्रियों की सालाना क्षमता


'बैम्बू ऑर्किड्स' टर्मिनल-2

गुवाहाटी हवाई अड्डे पर बना बैम्बू ऑर्किड्स टर्मिनल 2, कोपौ फूल (फॉक्सटेल ऑर्किड) और स्थानीय बांस से प्रेरित है। इसकी अनुमानित लागत करीब 4,000 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह टर्मिनल 2032 तक सालाना 13.1 मिलियन यात्रियों को हैंडल करने की क्षमता रखेगा।

### वर्ल्ड-क्लास गेटवे

इस टर्मिनल के बन जाने से सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि इससे गुवाहाटी पूर्वोत्तर भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए एक वर्ल्ड-क्लास गेटवे के रूप में स्थापित करेगा।

### सीएम ने शेयर की तस्वीरें

यह गुवाहाटी को पूर्वोत्तर और दक्षिण पूर्व एशिया के लिए एक वर्ल्ड-क्लास गेटवे के रूप में स्थापित करेगा। पर्यटन और व्यापार बढ़ेगा। सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने टर्मिनल की तस्वीरें साझा की।

### आज बंगाल को भी देंगे 3,200 करोड़ की सौगात

प्रधानमंत्री शनिवार को पश्चिम बंगाल में सुबह करीब 11:15 बजे पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के राणाघाट में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। पीएम लगभग 3,200 करोड़ की लागत वाली दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

# तमिलनाडु में मतदाता सूची से हटाए गए 14.24 लाख वोटर्स के नाम

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राज्यभर की सियासत में गरमाहट तेज हो गई है। इसी बीच भारतीय निर्वाचन आयोग ने 19 दिसंबर, शुक्रवार को तमिलनाडु की एकीकृत ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी है। यह सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बाद प्रकाशित की गई है, जो पूरे राज्य में चलाया गया था।जिला चुनाव कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार इस प्रक्रिया में कई जिलों से लाखों मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। इसके तहत कोयंबटूर में करीब 6.50 लाख मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट सूची से हटाए गए। वहीं डिंडीगुल जिले में 2.34 लाख वोटर हटे, जिससे कुल मतदाता संख्या 19.35 लाख से घटकर 16.09 लाख रह गई। चुनाव आयोग के द्वारा जारी ड्राफ्ट सूची का सबसे ज्यादा असर राजधानी चेन्नई में देखने को मिला। यहां यहां 14.25 लाख मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट सूची से हटाए गए। इसके बाद कुल मतदाता संख्या 40.04 लाख से घटकर 25.79 लाख रह गई।

### इस कारण हटाए गए नाम

चुनाव आयोग द्वारा जारी ड्राफ्ट सूची से लाखों मतदाताओं का नाम क्यों हटाया गया। इस बात को चुनाव आयोग की तरफ से दिए गए बयान के आधार पर ऐसे समझा जा सकता है कि सूची में शामिल 1.56 लाख लोगों की मौत हो गई, 27,323 मतदाता अपने पते पर नहीं मिले, 12.22 लाख वोटर दूसरे स्थान पर शिफ्ट हो चुके थे और 18,772 मामलों में दोहरी वोटिंग पाई गई।

### उत्तराखंड में बाहरी निजी वाहनों पर ग्रीन सेस जल्द

**देहरादून**। उत्तराखंड सरकार 1 जनवरी से राज्य में बाहर से आने वाले निजी वाहनों पर 'ग्रीन सेस' वसूलने की व्यवस्था लागू करने जा रही है। इसका मकसद पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और सड़क सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियों के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाना है। सीएम पुष्कर सिंह धामी की नाराजगी पर परीक्षण जारी है।

**उत्तर रेलवे**

ई नीलामी–सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी (टेबल के अनुसार)। जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई–नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।
**नीलामी केटलॉग सं. : UBC-Ctg-RR01-25 रेट यूनिटः वार्षिक लाइसेंस फीस प्रारंभ होने की तिथि व समयः 29.12.2025 को 12:00 बजे**

| क्र.सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1. | Catg-UMB-UBC-GMU-161-25-1 (रिफ्रेशमेंट रूम–जनरल माइनर यूनिट (GMU) (Size 40.61 sqm) सामान्य महिला श्रेणी के लिए अम्बाला सिटी रेलवे स्टेशन | 29.12.2025 को 12:30 बजे |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखे। **3942/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय**
(केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के तहत स्थापित)
तेजस्विनी हिल्स, पेरिया डाक, कासरगोड- 671325

सं सीयूके/आरसी/एफओ/2023

**रोजगार अधिसूचना**

सीधी भर्ती के आधार पर नीचे दिए गए पदों को भरने के लिए योग्य भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
1) कुलसचिव, 01 (अनारक्षित), सीयूके/आरसी/एसओ/02/2025
2) वित्त अधिकारी, 01 (अनारक्षित), सीयूके/आरसी/एसओ/01/2025
3) पुस्तकालयाध्यक्ष,01 (अनारक्षित), सीयूके/आरसी/एसओ/03/2025

**वेतन स्तर 14 (1,44,200-2,18,200)**

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथिः 23.01.2026 - 11:59 पी.एम.
आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथिः 06.02.2026 - 05:00 पी.एम.
अधिक जानकारी हेतु **www.cukerala.ac.in** देखें
CBC 21353/12/0005/2526 कुलसचिव

**कब्जा सूचना-(अचल सम्पति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री मोहम्मद जलाल श्रीमती साहिस्ता प्रवीन खान टूर एंड ट्रेवल बैग्ज (प्रोस्पैक्ट नं. IL10952424) | सम्पत्ति प्लॉट नं. 22 सालम और 20 का भाग, खसरा नं. 9/16/2, 10//21/5, 21/9, 10//21/4 के सभी भाग व हिस्से, वार्ड नं. 19, आर्य नगर कॉलोनी, तहसील जगाधरी जिला यमुनानगर हरियाणा भारत 135001 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1863.00, 1000.00, 850.00 | रु. 1972146/- रुपये उन्नीस लाख बहत्तर हजार एक सौ छियालीस केवल) | 14-08-2025 | 18/12/2025 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।
स्थान : हरियाणा, दिनांक : 20.12.2025 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा

**खुली निविदा संख्या 46–अम्बाला/2025–26, दिनांकः 19.12.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15:00 बजे** तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जाखल–हिसार सेक्शन पर एडीईएन/ट्रैक/अंबाला के अधीन बरवाला में गिट्टी डिपो में रेल बोर्न ट्रकों/बीओबी में विधिवत स्टैक्ड और लोड की गई बीजी ट्रैक के लिए 50000 सीयूएम 65 मिमी गेज मशीन क्रश्ड स्टोन गिट्टी की आपूर्ति। | 5,94,73,500/- | 4,47,400/- | 08 महीने | 12.01.2026 |

नोटः 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **3943/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# अराजकता और धर्मांधता की आग में झुलस रहा बांग्लादेश

बांग्लादेश पिछले करीब डेढ़ साल से अराजकता और धर्मांधता की आग में गंभीर रूप से झुलस रहा है। इन दिनों में शायद ही कोई ऐसा महीना होगा, जब यहां हिंसा ना भड़की हो। शेख हसीना की सरकार गिराने के बाद देश में शांति लाने का वादा करने वाली मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार हिंसा रोकने में नाकाम रही। हसीना सरकार के विरोध में हिंसक आंदोलन चलाने वाले छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद बांग्लादेश में एक बार फिर आग भड़क गई। इस दौरान ढाका के पास भालुका में धर्म का अपमान करने के आरोप में एक हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला। युवक के शव को नग्न करके पेड़ से लटका कर आग लगा दी गई। मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में हुई है। उपद्रवियों ने देश के सबसे बड़े अखबार डेली स्टार और प्रोथोम आलो के ऑफिस में भी घुसकर तोड़फोड़ और आग लगा दी। भारतीय राजनयिक परिसरों और उनके घरों पर हमले किए गए हैं। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान के आवास में तोड़फोड़ की गई। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के ऑफिस को भी जला दिया गया है। भारत के पड़ोस में धधकती यह अराजकता की आग लगाातर चुनौती बढ़ा रही है। देशभर में हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। यहां इस समय एक अलग ही किस्म का पागलपन भी चल रहा है। इस पागलपन के तहत बांग्लादेश में एक वीडियो वायरल है, जिसमें 'सिराजुद्दौला साम्राज्य' की फिर से स्थापना का ख्वाब दिखाया जा रहा है, जिसमें भारत के कई हिस्से शामिल हैं। इन घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या बांग्लादेश वास्तव में सांप्रदायिक संक्रमण की ओर बढ़ रहा है या फिर सुनियोजित अस्थिरता के जाल में फंसता जा रहा है। दरअसल, मोहम्मद यूनुस असल में मोहम्मद अली जिन्ना की विचारधारा पर चल रहे हैं और उन्होंने बांग्लादेश में पाकिस्तान मॉडल लागू कर दिया। यह भारत के लिए भी चिंतनीय है। बांग्लादेश को लेकर भारत के सामने 1971 के बाद सबसे बड़ा रणनीतिक और राजनयिक संकट खड़ा हुआ है। यह चिंता विदेश मामलों पर संसद की समिति ने अपनी रिपोर्ट में जाहिर की है। कई मायनों में देखा जाए तो अभी बांग्लादेश में जिस तरह के हालात बन चुके हैं, उतनी बुरी स्थिति का सामना भारत को शायद बांग्लादेश मुक्ति आंदोलन के दौरान भी नहीं करना पड़ा था। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अगुवाई वाली समिति की रिपोर्ट से निकली बातों के विश्लेषण से पता चलता है कि बांग्लादेश में जारी हिंसा की वजह से भारत के सामने कई बड़े और गंभीर संकट खड़े हुए हैं, जिनसे निपटना बहुत बड़ी चुनौती होगी। भारत की चिंता यह भी है कि बांग्लादेश चीन की रीजनल कंप्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप (आरसीईपी) में शामिल हो सकता है। चीन ने 370 मिलियन डॉलर का इस्तेमाल करके इसके मोंगला बंदरगाह का विस्तार किया है। इसके चलते भारत ने अपनी सुरक्षा के लिए खुलना-मोंगला रेलवे लाइन में निवेश किया है। बहरहाल, बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, उससे भारत को सिर्फ कूटनीतिक संकट का ही सामना नहीं करना पड़ रहा है, इसकी वजह से भारत की आतंरिक सुरक्षा का संकट भी गहरा गया है। बांग्लादेश की यूनुस सरकार भारत-विरोधी ताकतों, खासकर पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा प्लेटफॉर्म बन गई है। वहां पाकिस्तानी सेना के माध्यम से आईएसआई की गतिविधियां बढ़ गई हैं। ऐसे समय में भारत को बड़ी सजगता के साथ काम करना होगा।

## श्रद्धांजलि

सुनील कुमार महला



# पत्थरों को प्राण देने वाले मशहूर कलाकार का अंत

पत्थरों में जान फूंकने वाले, आधुनिक भारत के सबसे प्रभावशाली और मशहूर भारतीय मूर्तिकार पद्मश्री राम वनजी सुतार का 100 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 17 दिसंबर 2025 की मध्य रात्रि को नोएडा स्थित अपने निवास पर आखिरी सांस ली। कम ही लोग जानते होंगे कि राम सुतार ने न केवल भारत, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, बल्कि अमेरिका, फ्रांस,रूस सहित कई देशों में महात्मा गांधी की प्रतिमाएं स्थापित करके भारत का नाम रोशन किया है। वे ऐसे महान कलाकार थे जो कभी भी अंतरराष्ट्रीय प्रचार के पीछे नहीं भागे। उनका मानना है-'कला बोलती है, कलाकार नहीं।' उनकी रचनात्मकता के लिए उन्हें पद्म विभूषण भी प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि उनके बेटे अनिल सुतार भी मूर्तिकार हैं और कई बड़े प्रोजेक्ट्स में पिता के साथ काम कर चुके हैं और यह विरासत आधुनिक भारत में दुर्लभ है। उन्होंने कभी अतिशयोक्तिपूर्ण या अमूर्त शैली को नहीं अपनाया। उनके अनुसार, 'इतिहास के व्यक्तित्व को जनता उसी रूप में देखना चाहती है, जैसे वह था।' उन्होंने दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा बनाई है, जो गुजरात में स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा है, जिसे स्टैच्यू ऑफ यूनिटी कहा जाता है। दिलचस्प तथ्य यह है कि राम सुतार ने सरदार पटेल की सबसे अधिक मूर्तियां बनाई हैं। इतनी कि उन्हें 'पटेल का आधिकारिक शिल्पकार' भी कहा जाता है। सच तो यह है कि 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' उनके जीवन का शिखर कार्य है। राम सुतार का जन्म महाराष्ट्र के गोंडूर गांव में एक



साधारण,गरीब कारीगर (सुतार) परिवार में 19 फ़रवरी 1925 को हुआ था। बचपन में उन्होंने लकड़ी पर नक्काशी का काम पारिवारिक परंपरा से सीखा-यहीं से मूर्तिकला की नींव पड़ी। उन्होंने जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट, मुंबई से पढ़ाई की, लेकिन उनकी कला में शुद्ध अकादमिक शैली के साथ भारतीय लोक और ग्रामीण संवेदना भी साफ दिखती है। राम सुतार ने अपने करियर में कई प्रसिद्ध मूर्तियां बनाई है, जिनमें स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के अलावा महात्मा गांधी, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर, छत्रपति संभाजी महाराज, भगवान शिव और अनेक प्रतिमाएं शामिल हैं। राम सुतार ने महात्मा गांधी की 350 से अधिक मूर्तियां बनाईं हैं, जो दुनिया भर में स्थापित है। बेंगलूरु में स्थित भगवान शिव की 153 फीट ऊंची प्रतिमा भी उनकी प्रमुख कृतियों में से एक मानी जाती है। इसी प्रकार से मोशी, पुणे में स्थित छत्रपति संभाजी महाराज की 100 फीट ऊंची प्रतिमा भी उनकी प्रमुख कृतियों में से एक है। भारत और विदेशों में उन्होंने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बहुत सी कृतियां बनाईं हैं। विभिन्न राष्ट्रीय स्थलों पर उनकी बनाई इंदिरा गांधी की प्रतिमाएं भी स्थापित हैं। अयोध्या के लता मंगेशकर चौक पर स्थापित विशाल वीणा भी उनकी कला का अनुपम उदाहरण है। उनकी प्रतिभा को उनके गुरु रामकृष्ण जोशी ने पहचाना और उन्हें मुंबई के प्रतिष्ठित जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट्स में दाखिला लेने के लिए प्रेरित किया। यही से उनकी मूर्तिकला की यात्रा शुरू हुई, जो आगे चलकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति तक ले गई। गौरतलब यह भी है कि वे इस स्कूल ऑफ आर्ट (जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट्स) से अपने समय में स्वर्ण पदक विजेता थे। वे 1959 में महाराष्ट्र से दिल्ली आ गये थे। दिल्ली आकर उन्होंने सूचना और प्रसारण मंत्रालय में नौकरी भी की लेकिन कला के प्रति गहरे समर्पण के कारण उन्होंने इसे छोड़ दिया था। विख्यात मूर्तिकार राम सुतार को पिछले महीने ही महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया था और उन्हें सम्मानित करने के लिए महाराष्ट्र सरकार उनके नोएडा में सेक्टर-19 स्थित घर पहुंची थी। देश के सबसे प्रतिष्ठित और अनुभवी मूर्तिकार राम वनजी सुतार का निधन कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ऐसे महान व बड़े मूर्तिकार को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उनके कार्य में अद्भुत सहजता और उच्च कोटि की निपुणता स्पष्ट झलकती है। उन्होंने ऐसी मूर्तियाँ गढ़ी हैं, जो यथार्थ की सीमाओं को छूती प्रतीत होती हैं। उनके लिए मूर्तिकला मात्र कला नहीं, बल्कि गहन विज्ञान का समन्वय है; यही कारण है कि उनके द्वारा रचित शिल्प आकार ही नहीं, भाव, ऊर्जा और चेतना के स्तर पर भी पूर्णतः सजीव दिखाई देते हैं। राम सुतार आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन दुनिया के करीब पांच सौ शहरों में उनके द्वारा निर्मित प्रतिमाएं उनकी याद दिला रही हैं। ऐसे में, भारत ही नहीं, अनेक देशों में लोग उन्हें भुला न पाएंगे। उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि उनकी कला और परंपरा को आगे बढ़ाया जाए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



संसद सत्र

डॉ. पवन कुमार शर्मा

# 'जी राम जी' पर जीत, प्रदूषण पर चर्चा नहीं

संसद का शीतकालीन सत्र 2025 लोकतांत्रिक व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और उपलब्धिपूर्ण रहा। लोकसभा और राज्यसभा में समग्र रूप से सकारात्मक और सार्थक कार्य हुआ। सरकार और विपक्ष के बीच संवाद, प्रश्नकाल एवं शून्यकाल की सक्रियता, नए विधेयकों की प्रस्तुति तथा कई महत्वपूर्ण विधेयकों का पारित होना इस सत्र की प्रमुख विशेषताएं रहीं। विपक्ष दिल्ली-एनसीआर में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण पर शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले ही चर्चा की मांग कर रहा था। सरकार इस पर चर्चा के लिए राजी भी हो गई। 18 दिसंबर को इस पर लोक सभा में चर्चा बिजनेस में लिस्टिड थी, लेकिन यह मुद्दा जी-राम-जी विधेयक पर हुए हंगामे की भेंट चढ़ गया।

संसद का शीतकालीन सत्र 2025 लोकतांत्रिक व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और उपलब्धिपूर्ण रहा। लोकसभा और राज्यसभा में समग्र रूप से सकारात्मक और सार्थक कार्य हुआ। सरकार और विपक्ष के बीच संवाद, प्रश्नकाल एवं शून्यकाल की सक्रियता, नए विधेयकों की प्रस्तुति तथा कई महत्वपूर्ण विधेयकों का पारित होना इस सत्र की प्रमुख विशेषताएं रहीं। 1 से 19 दिसंबर तक आयोजित शीतकालीन सत्र में देश की आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक चुनौतियों पर व्यापक चर्चा हुई और राष्ट्रीय महत्व के अनेक विषयों पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। सत्र की कार्यवाही अपेक्षाकृत सुचारू रही और समय का प्रभावी उपयोग किया गया जिसकी वजह से इसकी उत्पादकता उल्लेखनीय रही। शीतकालीन सत्र 2025 के दौरान लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के अनुसार लोकसभा की कार्यवाही 92 घंटे 25 मिनट तक चली। 10 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए और कुल 8 सरकारी विधेयक पारित हुए। प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय मंत्रियों ने सदस्यों द्वारा पूछे गए 72 तारांकित प्रश्नों का मौखिक जवाब दिया।

लोक सभा में शून्य काल के दौरान 408 संसद सदस्यों ने लोक महत्व के मुद्दे उठाए। नियम 377 के अधीन संसद सदस्यों ने 372 मामले उठाए। शीत सत्र के दौरान संसद के पटल पर कुल 2116 पत्र रखे गए। विभिन्न विभागों से संबंधित स्थायी संसदीय समितियों ने कुल 40 रिपोर्ट्स पेश कीं। शीत सत्र के दौरान सांसदों की तरफ से कुल 137 प्राइवेट मेंबर्स बिल इंट्रोड्यूस किए गए। 8 दिसंबर 2025 को वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर लोक सभा में प्रधानमंत्री ने चर्चा की शुरुआत की। वंदे मातरम् पर 11 घंटे 32 मिनट तक चली चर्चा में कुल 65 सांसदों ने अपनी बात रखी। इसके बाद 9-10 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और चुनाव सुधारों पर कुल 13 घंटे चर्चा हुई और इसमें पक्ष-विपक्ष के 63 सांसदों ने हिस्सा लिया। सत्र के दौरान हंगामा, बहस और विधायी कार्य सब कुछ हुआ। शीतकालीन सत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि 'विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी बिल, 2025 (जी राम जी बिल) का संसद के दोनों सदनों से पारित होना रहा। शीत सत्र के दौरान यही विधेयक सबसे अधिक हंगामे का कारण बना। लोक सभा में 17-18 दिसंबर को विपक्ष के विरोध के बीच ये बिल दोनों सदनों से पास हो गया। इसे पुराने मनरेगा की जगह नया ग्रामीण रोजगार कानून बनाया जा रहा है, जिसमें हर वर्ष 125 दिनों की मजदूरी की गारंटी है। संसद के दोनों सदनों में देर रात चली घंटों की लंबी चर्चा के बावजूद यह विधेयक सरकार बनाम विपक्ष की जंग का कारण बना। सरकार जहां इसे 'विकसित भारत' की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम बता रही है, वहीं विपक्ष ने इसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान बताया। सरकार के मुताबिक यह विधेयक मनरेगा का अपग्रेडेशन है और 125 दिन रोजगार की गारंटी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था चमकेगी। दूसरी तरफ विपक्ष का कहना है कि यह बिल मनरेगा को कमजोर करेगा। लिहाजा इसे स्टैंडिंग कमेटी को भेजा जाना चाहिए। हालांकि विपक्ष की यह मांग ध्वनिमत के आगे धराशायी हो गई।



न्यूक्लियर एनर्जी से जुड़ा एक महत्वपूर्ण बिल भी विंटर सेशन में पारित हुआ है। सस्टेनेबल हार्नेसिंग ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया बिल दोनों सदनों से पास हो गया है। यह विधेयक भारत को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और अन्य ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करने की दिशा में बड़ा कदम है। इसे क्लीन-एनर्जी भविष्य के साथ ही 2070 तक नेट जीरो इमिशन और 2047 तक देश की न्यूक्लियर ऊर्जा क्षमता को 100 गीगावॉट तक बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इस दौरान टैक्स और जीएसटी से जुड़े बिल भी पास हुए। इनमें सिगरेट, तंबाकू, पान मसाला जैसे 'सिन गुड्स' पर लगने वाले सेस को जीएसटी कंपनसेशन के रूप में इस्तेमाल करने वाले दो फाइनेंस बिल शामिल हैं। मणिपुर जीएसटी (दूसरा संशोधन) बिल 2025 पास हुआ जो राज्य स्तर पर जीएसटी कानून को राष्ट्रीय ढांचे से जोड़ता है। मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण, चुनाव सुधार एवं राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण जैसे मुद्दों ने भी पूरे सत्र के दौरान सुर्खियां बटोरीं। जुलाई-अगस्त 2025 में, संसद का मॉनसून सत्र स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और इलेक्टोरल रोल्स विवाद के चलते हंगामे की भेंट चढ़ गया था। शीत सत्र के दौरान भी विपक्ष ने आरोप लगाया कि बूथ लेवल ऑफिसर्स पर रोल रिवीजन के नाम पर दबाव डाला जा रहा है जिसके चलते वे सुसाइड कर रहे हैं।

दोनों सदनों में नारे, वॉकआउट और स्थगन हुए। शीतकालीन सत्र में चुनाव सुधारों पर दोनों सदनों में घंटों चर्चा के बावजूद यह मुद्दा खत्म नहीं हुआ है। विपक्ष दिल्ली-एनसीआर में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण पर शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले ही चर्चा की मांग कर रहा था। सरकार इस पर चर्चा के लिए राजी भी हो गई। 18 दिसंबर को इस पर लोक सभा में चर्चा बिजनेस में लिस्टिड थी, लेकिन यह मुद्दा जी-राम-जी विधेयक पर हुए हंगामे की भेंट चढ़ गया। हंगामे की वजह से इस पर समुचित चर्चा नहीं हो सकी। लोकसभा में यह चर्चा नियम 193 के तहत होनी थी। इस नियम के तहत बिना मतदान की शॉर्ट डिस्कशन का प्रावधान है। हालांकि वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या को लेकर विपक्ष की तरफ से संसद परिसर में सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। कुछ सांसदों ने मास्क पहनकर और ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर सरकार के खिलाफ विरोध जताया। संसद के उच्च सदन राज्यसभा में भी उत्पादकता के हिसाब से अच्छा कामकाज हुआ। राज्यसभा का यह 269वां सत्र था। राज्यसभा में कुल 92 घंटे संसदीय कार्यवाही चली और प्रोडक्टिविटी 121 फीसदी रही।

अपने समापन संबोधन में सी. पी. राधाकृष्णन ने सदन को बताया कि इस सत्र में कई उल्लेखनीय काम हुए, जिनमें प्रतिदिन औसतन 84 से अधिक शून्यकाल नोटिसों का अभूतपूर्व आंकड़ा शामिल है जो कि पिछले दो सत्रों की तुलना में 30.1 प्रतिशत ज्यादा है। शून्यकाल के दौरान प्रतिदिन 15 से अधिक मामले उठाए गए, जो लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। शीतकालीन सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों में सरकार का दबदबा स्पष्ट दिखा लेकिन विपक्ष ने भी अपनी आवाज मजबूती से बुलंद की। समग्र रूप से संसद का शीतकालीन सत्र 2025 एक सफल, उत्पादक और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने वाला सत्र सिद्ध हुआ है। संसद सदस्यों ने जहां अपनी विधायी और संवैधानिक जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन किया, वहीं प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महंगाई, कृषि, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण योजनाओं से जुड़े प्रश्नों के माध्यम से सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित की गई। कुल मिलाकर यह सत्र दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सक्रियता और मजबूती का सशक्त प्रमाण है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## भजन ही शरीर का प्राण है



संकलित

दर्शन

काकभुशुंडि जी कहते हैं, मेरे इस भाव परिवर्तन से मेरे परमकृपालु सदाशिव विश्वनाथ मुझ पर और भी अधिक प्रसन्न हो गए। उन्हें लगा कि मेरे इस भक्त (काकभुशुंडि) का प्रवेश मेरे हृदय में हो गया है और इसने देख लिया कि मेरे इष्ट तो बालक राम हैं, जो अयोध्या में दशरथ के अजिर में मालपुआ लेकर घूमते रहते हैं। काकभुशुंडि जी हमें और आपको यह बताना चाहते हैं कि जब उन्होंने कौआ होकर भी भगवान को पा लिया तो हम लोगों के भाग्य के लिए तो शब्द ही नहीं हैं। प्रभु श्रीरामचंद्र जी ने स्वयं भी समस्त चराचर के कल्याण के लिए मनुष्य का ही शरीर धारण कर लिया है। वे कहते हैं कि इस शरीर को पाने का मात्र एक ही लाभ है कि व्यक्ति भगवान का भजन करे। भक्त काकभुशुंडि ने मनुष्य शरीर से भजन करने के प्रताप और फल को बताते हुए कहा कि ज्ञानी ऋषि लोमश ने मेरे अंदर भक्ति के प्रति पक्षपात देखकर भले ही मुझे अपनी दृष्टि से कौआ बनने का शाप दिया था, पर वह मेरे लिए वरदान हो गया। महत्व इसका नहीं है कि हम किस शरीर, किस देश, किस जाति और धर्म के हैं। काकभुशुंडि जी कहते हैं कि महत्वपूर्ण यह है कि हम भगवान की भक्ति और भजन कर रहे हैं या नहीं? भजन ही शरीर का प्राण है। गोस्वामी जी ने इस बात पर जोर दिया है कि जिसने इस धरा पर जन्म लेकर भगवान का भजन कर लिया, बस वही धन्य है। उसी की विजय होती है, वही संसार में सबके प्रति विनयी होता है, वही गुणों की खान होता है और सारे विश्व में उसी का यश त्रैलोक्य में उजागर होता है।

## एक दिन का पुण्य ही क्यों



संकलित

प्रेरणा

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहाँ से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे छमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूँ तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारीः बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नही, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**सोने की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित किया जाए**

भारतवर्ष कभी सोने की चिड़या थी और भारत था भी सर्वाधिक सम्पन्न देश। टनों के हिसाब से सोना मंदिरों और पूजा-स्थलों में भरा था। आतताइयों ने मंदिरों को तहस नहस कर अपने देशों को समृद्ध बनाया। ऐसा वे बार बार करते रहे और भारत के सोने के भंडार खाली नहीं होते थे। आजकल सोना इतना महंगा हो गया कि गरीब बेटी के हाथ पीले करने के बारे में सोच भी नहीं सकता, पीली धातु का होना एक अभिशाप बन गया। कारण चाहे कुछ भी हो, सोने के दाम एक लाख रुपए ऊपर चले जाना बड़ी एवं दु:खद बात है। एक बात स्पष्ट है कि एक विशाल सम्पन्न देश इसकी बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने में विफल है या नियंत्रण लगाना ही नहीं चाहता। **–संकेत अग्रवाल**, रायगढ़

## करंट अफेयर

# भारत पर पाक का सिंधु जल संधि कमजोर करने का आरोप

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इसहाक डार ने शुक्रवार को कहा कि भारत सिंधु जल संधि को लगातार कमजोर कर रहा है और इस तरह का उल्लंघन समझौते के मूल सिद्धांतों पर प्रहार है। डार पाकिस्तान के विदेश मंत्री भी हैं। वह पाकिस्तान द्वारा चिनाब नदी के प्रवाह में बदलाव के संबंध में भारत से स्पष्टीकरण मांगे जाने के एक दिन बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, "हमने इस वर्ष अप्रैल में भारत की ओर से सिंधु जल संधि से एकतरफा रूप से हटने की कार्रवाई देखी... लेकिन अब हम भारत द्वारा किए जा रहे ऐसे गंभीर उल्लंघन देख रहे हैं, जो सिंधु जल संधि के मूल सिद्धांतों पर प्रहार करते हैं और क्षेत्रीय स्थिरता एवं अंतरराष्ट्रीय कानून की पवित्रता दोनों के लिए गंभीर परिणाम वाले हैं।"



इस साल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई दंडात्मक उपाय किए, जिनमें 1960 की सिंधु जल संधि को ''स्थगित'' करना भी शामिल था। विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई यह संधि 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के वितरण और उपयोग को नियंत्रित करती रही है।

## ऑफ बीट

# भांग की सूक्ष्म खुराक से अल्जाइमर रोकने में मदद

विश्व भर में जैसे-जैसे बुजुर्ग आबादी रही है, उसके साथ ही अल्ज़ाइमर रोग जैसी मनोभ्रंश (डिमेंशिया) समस्याओं से पीड़ित लोगों की तादात भी बढ़ रही है। इस समस्या के लिए सीमित उपचार और उपलब्ध दवाओं की सीमित प्रभावशीलता को देखते हुए, नए उपचारात्मक तरीकों में रुचि बढ़ रही है। इन तरीकों में भांग (कैनाबिस) के पौधे से प्राप्त कैनाबिनॉयड्स भी शामिल हैं। कैनाबिनॉयड्स का मतलब है भांग (कैनाबिस) के पौधे में पाए जाने वाले या कृत्रिम रूप से बनाए गए ऐसे रासायनिक यौगिक, जो शरीर के एंडोकैनाबिनॉयड तंत्र पर असर डालते हैं। अंतरराष्ट्रीय जर्नल ऑफ़ अल्ज़ाइमर्स डिज़ीज़ में प्रकाशित ब्राजील के एक नए छोटे अध्ययन में हल्के अल्ज़ाइमर रोग से पीड़ित मरीजों पर भांग के सत की सूक्ष्म खुराकों के प्रभावों की जांच की गई। परिणामों में भांग से जुड़ा "नशा" पैदा किए बिना सकारात्मक प्रभाव पाए गए। इसमें भांग के सत से तैयार एक तेल के दैनिक उपयोग के प्रभावों का मूल्यांकन किया गया, जिसमें टीएचसी और सीबीडी समान अनुपात में तथा अत्यंत कम सांद्रता में (प्रत्येक कैनाबिनॉयड 0.3 मिलीग्राम) मौजूद थे। ये उप-मन :प्रभावी खुराक पौधे के मौज-मस्ती के लिए किए जाने वाले उपयोग से जुड़े "नशे" का कारण नहीं बनतीं।



## ट्रेंड

### महत्वपूर्ण बदलाव



भारत के रूपांतरण हेतु सतत परमाणु ऊर्जा दोहन एवं विकास (शांति) विधेयक, 2025 का संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित होना भारत की प्रौद्योगिकी और स्वच्छ ऊर्जा संबंधी महत्वाकांक्षाओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है।
**-नीतिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### फ्लाईओवर का लोकार्पण



जब विकास की सोच वाली डबल इंजन की सरकार आती है तो विकास भी उतनी ही तीव्र गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई देता है। आज गोरखपुर में अत्याधुनिक रेलवे फ्लाईओवर का लोकार्पण किया।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### विरासत का संरक्षण



असम के लिए महाराजा कुमार भास्कर वर्मा का योगदान अतुलनीय है। संस्थानों, बुनियादी ढाँचे और प्रतिमाओं के माध्यम से उन्हें सम्मानित करके, हम अपनी विरासत को संरक्षित कर रहे हैं ताकि आने वाली पीढ़ियाँ गौरव, प्रेरणा और एक सशक्त पहचान की भावना प्राप्त कर सकें।
**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### भारत की असली ताक़त



दरगाह हज़रत ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (रह.) अजमेर शरीफ़ की तालीम "मोहब्बत सबके लिए, नफ़रत किसी से नहीं", आज के दौर में और भी ज़्यादा प्रासंगिक है। भाईचारा, लोकतंत्र और संविधान की हिफ़ाज़त ही भारत की असली ताक़त है।
**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# एशेज : हेड ने इंग्लैंड को फिर दिया 'हेडेक', शतक ठोककर ऑस्ट्रेलिया को दिलाई जबरदस्त बढ़त


एजेंसी ▶▶| एडिलेड

ट्रेविस हेड ने घरेलू मैदान एडिलेड ओवल पर लगातार चौथे टेस्ट में शतक बनाने के बाद अपने हेलमेट और दस्ताने उतारे और फिर घुटनों के बल बैठने कर पिच को चूम लिया। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 271 रन बनाकर कुल 356 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपनी पकड़ काफी मजबूत कर ली है।

हेड को 99 रन पर एक बड़ा जीवनदान मिला जब उन्होंने जोफ्रा आर्चर की गेंद पर करारा प्रहार किया और गली में खड़े हैरी ब्रूक ने कैच टपका दिया। इससे पहले उन्होंने रूट की एक स्पिन गेंद को ऑन-साइड में खेला और एक रन लेने के लिए दौड़े, लेकिन उनके साथी बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने उन्हें वापस भेज दिया। ऑस्ट्रेलिया के इस बेखौफ बल्लेबाज ने 99 रन पर रहते हुए उन्होंने आठ गेंदों का सामना करने के बाद जोखिम लेने का मन बनाया और रूट की गेंद पर क्रीज से बाहर निकल कर गेंदबाज के सिर से ऊपर से चौका लगाकर अपना 11वां टेस्ट शतक पूरा किया।

### हेड का कैच टपकाना इंग्लैंड को पड़ा महंगा

तीसरे दिन का खेल खत्म होते समय हेड 142 रन बनाकर नाबाद थे। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए दक्षिण ऑस्ट्रेलिया टीम के अपने साथी खिलाड़ी कैरी (52) के साथ 122 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। ब्रूक ने इससे पहले जोश टोंग की गेंदबाजी पर मार्नस लाबुशेन (13) और कैमरून ग्रीन (सात) का स्लिप में शानदार कैच लपका था लेकिन हेड का कैच टपकाना टीम के लिए महंगा साबित हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले दिन की शुरुआती सत्र में इंग्लैंड को 286 रनों पर आउट करने के बाद दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी से मजबूत बढ़त बना ली।



### नौवें विकेट के लिए स्टोक्स और आर्चर की रिकॉर्ड साझेदारी

बेन स्टोक्स ने सुबह के सत्र में जोफ्रा आर्चर के साथ नौवें विकेट के लिए रिकॉर्ड 106 रनों की साझेदारी करके इंग्लैंड के एशेज अभियान में जान फूंकने की कोशिश की। इस साझेदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी की बढ़त 85 रन तक सिमट गई। यह एडिलेड में इंग्लैंड के लिए नौवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। मिचेल स्टार्क की गेंद पर 83 रन पर बोल्ड होने के बाद स्टोक्स निराशा में खुद को कोसते हुए मैदान से बाहर निकले। उन्होंने 198 गेंद की पारी में संयमित पारी में आठ चौके लगाए जबकि आर्चर ने 51 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने लंच से पहले ब्रायडन कार्स की गेंद पर जेक वेदरल्ड (एक) का विकेट गंवाया।

### ग्रीन नही कर सके दूसरी पारी में प्रभावित

लंच के समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक विकेट पर 17 रन था। दिन के दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने 102 रन जोड़ते हुए मार्नस लाबुशेन (13) का विकेट गंवाया जबकि चाय के विश्राम के बाद उस्मान ख्वाजा (40) ने तीसरे विकेट के लिए हेड के साथ 86 रन की साझेदारी के साथ मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ मजबूत बनाए रखी।पहली पारी में खाता खोलने में नाकाम रहे ग्रीन दूसरी पारी में प्रभावित नहीं कर सके और सात रन बनाकर आउट हुए।

## खबर संक्षेप



### शुभंकर ने खेला दो ओवर कार्ड, 71वें स्थान पर पहुंचे

**पोर्ट लुईस।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा अफ्रएशिया बैंक मॉरीशस ओपन के शुरुआती दौर में दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 71वें स्थान पर है। तेज हवा के कारण मुश्किल परिस्थितियों में शुभंकर का स्कोर 13वें होल तक एक अंडर था लेकिन उन्होंने इसके बाद डबल बोगी और और बोगी कर दिया। शुभंकर ने इस दौरान तीन बर्डी, तीन बोगी के अलावा 16वें होल में डबल बोगी कर दी। दक्षिण अफ्रीका के केसी जार्विस और स्कॉटलैंड के स्कॉट जैमीसन एक समान पांच-अंडर-पार 67 स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तालिका में शीर्ष पर हैं।

### वीनिंक छोड़ेंगे न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ का पद



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) स्कॉट वीनिंक खेल की भविष्य की दिशा विशेष रूप से टी20 क्रिकेट की भूमिका को लेकर खिलाड़ियों और सदस्य संघों से मतभेदों के बाद अपने पद से इस्तीफा देंगे। ढाई साल से इस पद पर रहे वीनिंक का कार्यकाल 30 जनवरी को समाप्त हो जाएगा। ऐसी खबरें है कि वीनिंक देश में प्रस्तावित फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग के खिलाफ है। इस प्रस्तावित लीग को न्यूजीलैंड के खिलाड़ी संघ और एनजेडसी के छह प्रमुख राज्य निकायों का समर्थन प्राप्त है। वीनिंक ने कहा, 'गहन विचार-विमर्श के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि खेल की दीर्घकालिक दिशा और न्यूजीलैंड में टी20 क्रिकेट की भूमिका सहित एनजेडसी की भविष्य की प्राथमिकताओं पर मेरा दृष्टिकोण कई सदस्य संघों और एनजेडसीपीए से भिन्न है।' उन्होंने कहा,'इन मतभेदों को देखते हुए मेरा मानना है कि संगठन के सर्वोत्तम हित में यही होगा कि नया नेतृत्व एनजेडसी को यहां से आगे ले जाए।'

### खुद को चुनौती देना जरूरीः चक्रवर्ती



**अहमदाबाद।** स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि टी20 विश्व कप की तैयारी में उनका पूरा ध्यान अपनी गेंदबाजी की लेंथ पर भरोसा करने, आत्मविश्वास बनाए रखने और आसान दिखने वाले मैचों में भी खुद को मानसिक रूप से चुनौती देने पर केंद्रित है। इस 34 साल के खिलाड़ी ने 32 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 51 विकेट लिए हैं। इसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती तीन मैचों में लिए गए छह विकेट भी शामिल हैं। भारत और श्रीलंका की मेजबानी में 7 फरवरी से 8 मार्च तक होने वाले टी20 विश्व कप में भारत के खिताब की रक्षा के लिए चक्रवर्ती काफी अहम खिलाड़ी है।

## तिलक और पंड्या की फिफ्टी, चक्रवर्ती को चार विकेट

# भारत ने लगातार 8वीं टी-20 सीरीज जीती अफ्रीका को 5वें मैच में 30 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज 3-1 से जीत ली है। टीम ने शुक्रवार को खेले गए 5वें मैच में अफ्रीका को 30 रन से हराया। टीम इंडिया ने लगातार 8वीं सीरीज जीती है। अहमदाबाद में 232 रन का टारगेट चेज रही साउथ अफ्रीका 20 ओवर में 8 विकेट पर 201 रन ही बना सकी। वरुण चक्रवर्ती ने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट लिए। क्विंटन डी कॉक ने 35 बॉल पर 65 रन बनाए। इससे पहले भारतीय टीम ने तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या के अर्धशतकों के सहारे 20 ओवर में 5 विकेट पर 231 रन का स्कोर बनाया। तिलक ने 42 बॉल पर 73 रन बनाए, जबकि पंड्या ने 25 बॉल पर 63 रन की पारी खेली। संजू सैमसन ने 37 और अभिषेक शर्मा ने 34 रन बनाए। पंड्या ने 16 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। यह भारत की ओर से टी-20 इंटरनेशनल में दूसरी सबसे तेज फिफ्टी है। टीम इंडिया की ओर से सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड युवराज सिंह (12 बॉल) के नाम है। भारतीय टीम ने 115 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या ने चौथे विकेट के लिए 44 बॉल पर 104 रन की साझेदारी की। मैच आखिरी टी-20 के साथ साउथ अफ्रीका का 35 दिन का भारतीय दौरा समाप्त हो गया। इसकी शुरुआत 2 टेस्ट की सीरीज के साथ हुआ। इसमें साउथ अफ्रीका ने 2-0 से क्लीन स्वीप किया। फिर भारत ने वनडे सीरीज में 2-1 से और 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 3-1 की जीत हासिल की। इस सीरीज का एक मैच कोहरे के कारण रद्द कर दिया गया।



### डिकॉक का 18वां अर्धशतक

232 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी हुई थी। रीजा हैंड्रिक्स और क्विंटन डिकॉक के बीच पहले विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी हुई जिसे वरुण चक्रवर्ती ने तोड़ा। उन्होंने हैंड्रिक्स को शिवम दुबे के हाथों कैच कराया। वह 13 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, क्विंटन डिकॉक ने अपने करियर का 18वां अर्धशतक जड़ा और 65 रनों की दमदार पारी खेलकर पवेलियन लौटे। उन्हें बुमराह ने अपना शिकार बनाया।

### अफ्रीका के खिलाफ भारत की 21वीं जीत

भारत ने विश्व चैंपियन बनने के बाद से सात टी20 सीरीज और एशिया कप अपने नाम किया। भारत 2023 से टी20 में अजेय है। दिलचस्प बात यह है कि भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह 35 मैचों में 21वीं जीत है। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा 22 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले जीते हैं।

### ताश के पत्तों की तरह बिखरा बल्लेबाजी क्रम

*तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए डेवाल्ड ब्रेविस 17 गेंदों में 31 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का बल्लेबाजी क्रम ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। डेविड मिलर 18, जॉर्ज लिंडे 16, मार्को यानसेन 14 रन बनाकर आउट हुए जबकि कॉर्बिन बॉश और लुंगी एनगिडी क्रमशः 17 और सात रन बनाकर नाबाद रहे। भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती ने चार विकेट लिए जबकि जसप्रीत बुमराह को दो सफलताएं मिलीं। वहीं, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।*

### संजू-अभिषेक ने दिलाई धमाकेदार शुरुआत

*इससे पहले, संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 63 रनों की साझेदारी हुई, जिसे कॉर्बिन बॉश ने तोड़ा। उन्होंने अभिषेक को डिकॉक के हाथों कैच कराया। वह 21 गेंदों में 34 रन बनाकर आउट हुए।*

## सीआईडीसीओ ओपन

# अहलावत ने जीता खिताब खेला 4 अंडर 67 का कार्ड



एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

वीर अहलावत ने सीआईडीसीओ ओपन गोल्फ के अंतिम दिन चार अंडर 67 के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। गुरुग्राम के इस खिलाड़ी ने इससे पहले शुरूआती तीन दौर में 65-65-73 के कार्ड के साथ तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। अहलावत का कुल स्कोर 14 अंडर 270 रहा।

तीन शॉट की इस जीत से अहलावत मौजूदा सत्र की पीजीटीआई रैंकिंग में 18वें से 11वें पायदान पर पहुंच गए। तीसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से तालिका में शीर्ष पर रहे पुणे के रोहन धोले पाटिल (70-69-64-70) 11 अंडर 273 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। यह पीजीटीआई स्पर्धा में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। गुरुग्राम के मनु गंडास (68-68-70-68) और इटली के मिशेल ओर्टोलानी 67-66-72-69) 10-अंडर 274 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के दौरान तीसरी बार 'होल इन वन (एक शॉट में ही गेंद को होल में पहुंचाना) लगाने वाले चंडीगढ़ के रवि कुमार 71 का कार्ड खेल कुल चार अंडर 280 के स्कोर के साथ पांचवां स्थान हासिल किया।

### विजय हजारे ट्रॉफी : अय्यर बने मप्र टीम के कप्तान

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने वेंकटेश अय्यर को विजय हजारे ट्रॉफी लीग स्टेज के लिए अपनी सीनियर पुरुष टीम का कप्तान बनाया है। यह टूर्नामेंट 24 दिसंबर से 8 जनवरी तक अहमदाबाद में होगा। मध्यप्रदेश के लिए कप्तानी की यह भूमिका अय्यर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। टीम में अनुभवी खिलाड़ी यश दुबे और कुमार कार्तिकेय भी शामिल हैं। इसके अलावा शुभम शर्मा और हरप्रीत सिंह भी 16 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं, जबकि माधव तिवारी का चयन उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा।

## अंडर-19 एशिया कप

# नौवीं बार फाइनल में पहुंचा भारत अब पाकिस्तान से खिताबी टक्कर




- श्रीलंका को 8 विकेट से रौंदकर भारत ने फाइनल में रखा कदम
- दुबई में हुए अंडर-19 एशिया कप सेमीफाइनल में भारत ने विहान मल्होत्रा और आरोन जॉर्ज की शानदार बल्लेबाजी के दम पर आठ विकेट से जीत दर्ज की और नौवीं बार फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें भारत का सामना अब पाकिस्तान से होगा

एजेंसी ▶▶| दुबई

एसीसी अंडर-19 एशिया कप में टीम इंडिया का जीत का सिलसिला जारी है। बारिश के कारण 50-50 ओवर के सेमीफाइनल को 20-20 ओवर का टी20 मैच बनाया गया। श्रीलंका की टीम पहले खेलते हुए केवल 138 रन ही बना सकी। इसके बाद विहान (61) और जॉर्ज (58) की शानदार बैटिंग के दम पर भारत ने आठ विकेट से आसानी से जीत हासिल की और नौवीं बार फाइनल में प्रवेश किया। भारत का सामना दूसरे सेमीफाइनल में गत चैंपियन बांग्लादेश को हराने वाली पाकिस्तान टीम से होगा।

### पटेल व चौहान ने झटके दो-दो विकेट

दुबई में बारिश के कारण वनडे मैच को 20-20 ओवर्स का किया गया। अंडर-19 टीम इंडिया के कप्तान आयुष म्हात्रे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका की शुरुआत सही नहीं रही और 28 रन पर तीन विकेट गिर चुके थे। इसके बाद कप्तान विमथ दींसारा ने 29 गेंद में चार चौके की मदद से 32 रन बनाए। नंबर पांच पर आए चमिका हीनातिगाला ने 38 गेंद में तीन चौकों की मदद से 42 रन की पारी खेली। वहीं नंबर आठ पर आए सेठमिका सेनेविरत्ने ने 22 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाए, जिससे श्रीलंका की टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 138 रन बनाए और भारत के लिए हेनिल पटेल व कनिष्क चौहान ने दो-दो विकेट झटके।

## चावला का 36 साल में जलवा झटके चार विकेट झटके नाइट राइडर्स को जिताया

**अबूधाबी।** भारत के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला (27 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर अबूधाबी नाइट राइडर्स ने इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) मैच में गल्फ जायंट्स को चार गेंद शेष रहते चार विकेट से शिकस्त दी। टीम सात मैचों में तीसरी जीत के बाद छह अंक के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। रहमानुल्लाह गुरबाज की 45 गेंद में 72 रन की पारी से गल्फ जायंट्स ने सात विकेट पर 165 रन बनाए लेकिन नाइट राइडर्स ने 19.2 गेंद में छह विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स (39 गेंद में 46 रन) और फिल सॉल्ट (24 गेंद में 35 रन) ने पहले विकेट के लिए 44 गेंद में 61 रन की साझेदारी के साथ टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद शरफेन रदरफोर्ड (22 गेंद में 30 रन) और आंद्रे रसेल (13 गेंद में नाबाद 21 रन) ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत दिला दी। जायंट्स की ओर से तबरेज शम्सी ने तीन जबकि फ्रेड क्लासेन ने दो विकेट लिए। गुरबाज ने अपनी पारी में चार चौके और पांच छक्के जड़े लेकिन उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को पार नहीं कर सका।

## मोरक्को ने जॉर्डन को हराया, जीता अरब कप का खिताब



**दोहा।** अब्दररज्जाक हामेद अल्लाह के दो गोल से मोरक्को ने अतिरिक्त समय तक चले अरब कप के फाइनल में जॉर्डन को 3-2 से पछाड़कर खिताब अपने नाम किया। लुसैल स्टेडियम में हामेद अल्लाह ने 88वें मिनट में बराबरी का गोल दागा और फिर 100वें मिनट में विजयी गोल करके मोरक्को को 'अफ्रीका कप ऑफ नेशंस' से पहले अरब कप ट्रॉफी दिला दी। फाइनल के चार मिनट से भी कम समय में ओसामा तन्नाने ने सेंटर लाइन के पीछे से शानदार स्ट्राइक लगाकर मोरक्को को बढ़त दिलाई थी। अली ओलवान के 48वें मिनट में हेडर से गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया और 68वें मिनट में पेनल्टी से जॉर्डन को बढ़त दिला दी।

## न्यूजीलैंड-वेस्टइंडीज टेस्टः न्यूजीलैंड ने की पहली पारी 575/8 रन पर घोषित

# कॉनवे का दोहरा शतक, कीवी टीम को बढ़त, विंडीज की सधी शुरुआत

एजेंसी ▶▶| माउंट मोनगानुई

डेवोन कॉन्वे के करियर के दूसरे दोहरे शतक की मदद से न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी पहली पारी 8 विकेट पर 575 रन पर घोषित की। न्यूजीलैंड के बड़े स्कोर के सामने हालांकि वेस्टइंडीज की सलामी जोड़ी दबाव में नहीं आईऔर टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक बिना किसी नुकसान के 110 रन बना लिए। स्टंप्स के समय ब्रेंडन किंग 55 जबकि जॉन कैंपबेल 45 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है।

किंग ने 63 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया जबकि उनकी और कैंपबेल की जोड़ी ने दिन के आखिरी सत्र में अपनी पारी के 23 ओवर में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। न्यूजीलैंड तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। श्रृंखला का पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था जबकि दूसरे टेस्ट को मेजबान टीम ने नौ विकेट से जीता था।



### कॉन्वे ने की साढ़े आठ घंटे की मैराथन बल्लेबाजी

इससे पहले कॉन्वे ने लगभग साढ़े आठ घंटे की मैराथन बल्लेबाजी में 227 रन के साथ अपने टेस्ट करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 200 रन था, जो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 2021 में लॉर्ड्स में अपने पदार्पण टेस्ट में बनाया था। टॉम लैथम के साथ 323 रनों की पहले विकेट की साझेदारी निभाने के साथ कॉन्वे ने 508 मिनट और 367 गेंद की पारी में 31 चौके लगाए। लैथम ने पहले दिन 145 रन बनाए और रचिन रविंद्र ने दूसरे और तीसरे सत्र में अर्धशतकीय पारी खेली। पारी घोषित करते समय रचिन 72 रन बनाकर नाबाद रहे।

### रोच ने मांसपेशियों में खिंचाव के कारण नहीं की गेंदबाजी

केमार रोच मांसपेशियों में खिंचाव के कारण गेंदबाजी नहीं कर सके जबकि शाई होप किसी अज्ञात बीमारी के कारण दूसरे दिन के खेल के दौरान होटल में ही रहे। न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 334 रन से आगे से की। इस समय कॉन्वे 178 रन पर खेल रहे थे। उन्होंने दिन की पहली गेंद पर चौका जड़ा और फिर 316 गेंद में अपना दोहरा शतक पूरा किया। वेस्टइंडीज के गेंदबाज हालांकि एक छोर से लगातार विकेट चटकाने में सफल रहे। रात्रि प्रहरी जैकब डफी (17) और केन विलियमसन (31) लंच से पहले आउट हुए जबकि डेरिल मिचेल (11) और टॉम ब्लंडेल (चार) का विकेट दूसरे सत्र में गिरा। ग्लेन फिलिप्स (29) दिन के आखिरी सत्र में पवेलियन लौटे।

Divisa
# आँखों को दीजिए कुदरती आई मंत्रा
असर पहले दिन से
100% Ayurvedic
Helps In :
• Eye Strain • Eye Dryness
• Eye Tiredness • Eye Freshness • Eye Cleanliness

Dr. Juneja's EYE Mantra®
Clinically Tested*
12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
प्रयोग विधि : 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।
24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com • Available at all leading medical stores

### गोवा नाइटक्लब अग्निकांड मामला

## लूथरा ब्रदर्स ने जेल में फर्श पर बिना पंखे के बिताई रात, सादा खाना खाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



गोवा के अरपोरा में 'बिर्च बाय रोमियो लेन' के मालिक सौरभ और गौरव लूथरा ने बुधवार रात अंजुना जेल में बिना पंखे के बिताई। जेल में दोनों भाइयों ने सादा खाना चावल-दाल खाया। अपनी पहली रात बिना किसी चटाई या कंबल के फर्श पर सोकर बिताई।

उन्हें सोमवार तक पुलिस जेल में ही में रखा जाएगा। गोवा पुलिस ने इस मामले में दोनों भाइयों से पूछताछ शुरू कर दी है। लूथरा ब्रदर्स से उनके साथियों की भूमिका, फैसले लेने की प्रक्रिया, फाइनेंशियल मामलों, इवेंट की परमिशन और दूसरे पार्टनर, मैनेजर और ऑर्गनाइजर की भागीदारी के बारे में 80 से ज्यादा सवाल पूछे गए। बता दें, 6 दिसंबर को गोवा के नाइट क्लब में आग लग गई थी, जिसमें 25 लोगों की जान चली गई थी, हादसे के बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे। गुरुवार सुबह, सौरभ को रूटीन टेस्ट के लिए मापुसा के नॉर्थ गोवा डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया था।

शाह ने बीओपीएस के गठन से सम्बंधित समीक्षा बैठक की

## देश के बंदरगाहों की सुरक्षा के लिए बनेगा ब्यूरो ऑफ पोर्ट सिक्योरिटी

### केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जहाजों और बंदरगाहों की सुरक्षा के लिए एक समर्पित ब्यूरो ऑफ पोर्ट सिक्योरिटी (बीओपीएस) के गठन को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री तथा केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अमित शाह ने देशभर के बंदरगाहों के लिए एक मजबूत और प्रभावी सुरक्षा ढांचा स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने



बीओपीएस के गठन को लेकर समीक्षा बैठक करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

निर्देश दिए कि सुरक्षा उपायों को व्यापार क्षमता, भौगोलिक स्थिति और अन्य संबंधित मापदंडों को ध्यान में रखते हुए जोखिम-आधारित और चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाए। बीओपीएस का गठन हाल ही में अधिनियमित मर्चेंट शिपिंग अधिनियम, 2025 की धारा 13 के प्रावधानों के तहत एक वैधानिक निकाय के रूप में किया जाएगा।

इस ब्यूरो का नेतृत्व एक महानिदेशक करेंगे और यह केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू) के अधीन कार्य करेगा।

#### साइबर सुरक्षा पर जोर

बीओपीएस का गठन नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की तर्ज पर किया जा रहा है। इसका नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी (वेतन स्तर-15) द्वारा किया जाएगा। एक वर्ष की संक्रमण अवधि के दौरान, नौवहन महानिदेशक (डीजीएस/डीजीएमए) बीओपीएस के महानिदेशक के रूप में कार्य करेंगे। बीओपीएस सुरक्षा से संबंधित सूचनाओं के समयबद्ध विश्लेषण, संग्रहण और आदान-प्रदान को सुनिश्चित करेगा, जिसमें साइबर सुरक्षा पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके अंतर्गत बंदरगाहों की आईटी अवसंरचना को डिजिटल खतरों से सुरक्षित रखने के लिए एक समर्पित प्रभाग भी शामिल होगा।

### वैश्विक शिखर सम्मेलन में बोले मोदी

## पारंपरिक चिकित्सा को वह पहचान नहीं मिलती जिसकी वह हकदार है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पारंपरिक चिकित्सा को वह मान्यता नहीं मिलती जिसकी वह हकदार है और अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए उसे विज्ञान के माध्यम से जनता का विश्वास जीतना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के पारंपरिक चिकित्सा पर वैश्विक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अनुसंधान को मजबूत करने, डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने और एक विश्वसनीय नियामक ढांचा विकसित करने से पारंपरिक चिकित्सा को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा की बात आती है



पुस्तक, रिपोर्ट और स्मारक डाक टिकट का विमोचन किया

तो सुरक्षा और प्रमाण से संबंधित प्रश्न हमेशा उठते हैं। मोदी ने योग प्रशिक्षण पर डब्ल्यूएचओ की तकनीकी रिपोर्ट और 'फ्रॉम रूट्स टू ग्लोबल रीचः 11 इयर्स ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन इन आयुष' नामक पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने अश्वगंधा पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया।

### पूर्वोत्तर राज्यों को अलग करने के बांग्लादेशी नेता के बयान पर आक्रोश

## अगरतला में एकजुट हुए युवा आदिवासी डिप्टी हाई कमीशन के बाहर बड़ा प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में बांग्लादेश उप-उच्चायुक्त कार्यालय के बाहर टिपरा मोथा पार्टी की यूथ विंग ने विरोध प्रदर्शन किया। टिपरा मोथा पार्टी ने बांग्लादेश के नेताओं द्वारा भारत विरोधी बयानबाजी पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने यूनुस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में शुक्रवार को सैकड़ों आदिवासी युवाओं और छात्रों ने बांग्लादेश के डिप्टी हाई कमीशन के बाहर प्रदर्शन किया। यह विरोध बांग्लादेश के एक नेता के उस बयान के खिलाफ था, जिसमें भारत और पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर कथित तौर पर धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। यह प्रदर्शन यूथ टीआईपीआरए फेडरेशन टिपरा मोथा पार्टी की युवा इकाई (वायटीएफ) ने आयोजित किया, जो त्रिपुरा का एक बड़ा आदिवासी युवा संगठन है। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के नवगठित नेशनल सिटिजन्स पार्टी (एनसीपी) के नेता हसनत अब्दुल्ला के बयान पर नाराजगी जताई। अब्दुल्ला ने कथित तौर पर कहा था कि अगर भारत बांग्लादेश को अस्थिर करने की कोशिश करता है, तो ढाका भारत के पूर्वोत्तर के 'सेवनसिस्टर्स' राज्यों को अलग-थलग करने की कोशिश का समर्थन कर सकता है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह बयान भारत की संप्रभुता और पूर्वोत्तर राज्यों की एकता पर सीधा हमला है। बता दें, हसनत अब्दुल्ला पहले 'स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन' आंदोलन के संयोजक रह चुके हैं, जिसने 2024 में बांग्लादेश में छात्र-जन आंदोलन का नेतृत्व किया था।

भारत विरोधी बयानबाजी पर नाराजगी जाहिर की

अंतरिम सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया




अगरतला में बांग्लादेश डिप्टी हाई कमीशन कार्यालय के बाहर विरोध जताते युवा आदिवासी

#### सीमा सुरक्षा सख्त करने की केंद्र से मांग

वायटीएफ अध्यक्ष ने केंद्र सरकार से भारत-बांग्लादेश की 4 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा की सख्त सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र ऐसा करने में नाकाम रहता है, तो आदिवासी लोगों को अपनी जमीन और हितों की रक्षा के लिए सशक्त किया जाना चाहिए।

### अंतरिम सरकार का भारत को दुश्मन के रूप में देखना 'दुर्भाग्यपूर्ण'

प्रदर्शन के दौरान आदिवासी युवाओं और छात्रों ने बांग्लादेश के अंतरिम मुखिया मोहम्मद यूनुस के खिलाफ भी नारे लगाए। हालांकि, डिप्टी हाई कमीशन कार्यालय के बाहर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोक दिया। वायटीएफ के अध्यक्ष सूरज देबबर्मा ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि बांग्लादेश की नई पीढ़ी शायद भूल गई है कि उसका गठन भारत के सहयोग और 1971 के मुक्ति संग्राम में भारतीय सेना के बलिदान से हुआ था। उन्होंने कहा कि आज भारत को दुश्मन के रूप में दिखाया जा रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। देबबर्मा ने बांग्लादेश के एक पूर्व सैन्य अधिकारी के उस कथित बयान का भी जिक्र किया, जिसमें सिलिगुड़ी कॉरिडोर के जरिए जुड़े पूर्वोत्तर भारत को अलग करने की बात कही गई थी।

#### वायटीएफ पहले भी कर चुकी है प्रदर्शन

देबबर्मा ने कहा कि यह प्रदर्शन बांग्लादेश को याद दिलाने के लिए था कि पूर्वोत्तर भारत का समुद्र तक सीधा रास्ता नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे बयान और कदम टिप्रासा लोगों की प्रतिक्रिया को मजबूर कर सकते हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि इसी साल वायटीएफ ने दक्षिण त्रिपुरा के बेलोनिया में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया था। यह विरोध बांग्लादेश द्वारा आंतरराष्ट्रीय सीमा के पास कथित अवैध तटबंध निर्माण को लेकर किया गया था।




टिपरा मोथा पार्टी हाथों में तख्तियां लेकर विरोध जताती हुई

### जम्मू-कश्मीर में बड़ी सुरक्षा खामी उजागर

## रतले हाईड्रो प्रोजेक्ट के 29 कर्मचारियों के आतंकी लिंक, खुलासे से मचा हड़कंप!

एजेंसी ▶▶ किश्तवाड

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में निर्माणाधीन हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को लेकर एक बेहद संवदेनशील जानकारी सामने आई है। इस 850 मेगावाट की रतले हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट में काम कर रहे 29 लोगों के आतंकी संपर्क या आपराधिक पृष्ठभूमि होने की पुलिस ने चेतावनी दी है। इस कारण विवाद पैदा हो गया है। भाजपा की किश्तवाड़ विधायक शगुन परिहार ने इस प्रोजेक्ट में भर्ती किए गए मजदूरों पर सवाल उठाए थे। उन्होंने पुलिस की इस चेतावनी को अपनी शिकायतों का सबूत बताया है। एक नवंबर को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) को पत्र लिखकर चेतावनी दी थी कि किश्तवाड़ के द्रबशाला क्षेत्र में बन रहे इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में 29 लोग ऐसे हैं जो उपद्रवी या राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए गए हैं।



रतले हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट

#### प्रोजेक्ट की सुरक्षा खतरे में

पुलिस ने कहा कि इनकी भर्ती से प्रोजेक्ट की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। किश्तवाड़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नरेश सिंह ने एमईआईएल के जनरल मैनेजर को संबोधित पत्र में लिखा कि स्थानीय निवासियों की रूटीन पुलिस वेरिफिकेशन के दौरान संबंधित थानों से रिपोर्ट आई, जिसमें इन 29 लोगों का नाम शामिल है। पत्र में इनके नामों की सूची संलग्न थी। एसएसपी ने जलविद्युत परियोजनाओं की रणनीतिक और राष्ट्रीय महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ये दुश्मन देश के लिए उच्च जोखिम वाले लक्ष्य हैं। इसलिए ऐसे कर्मचारियों की भर्ती पर पुनर्विचार करने की जरूरत है, क्योंकि ये कुछ भी कर सकते हैं और प्रोजेक्ट के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं।

**कर्मचारियों पर रखें निगरानी** पुलिस ने कंपनी से इन कर्मचारियों पर निगरानी रखने और कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर तुरंत सूचना देने को कहा। ये सभी 29 लोग जूनियर पदों पर कार्यरत हैं। पांच को आतंकी संपर्क वाला बताया गया है। इनमें क्षेत्र के एक पुराने आतंकी के तीन रिश्तेदार, एक संदिग्ध ओवरग्राउंड वर्कर का बेटा और एक सरेंडर आतंकी का बेटा शामिल है।

PREMIUM
From the House of Dr. Juneja
पेट सफ़ा
LAXATIVE GRANULES
Helps in:
Gas | Acidity
Constipation
# एक बार में फ्रैश हो जाओ...
प्रीमियम पेट सफ़ा ग्रैन्यूल्स को 16 खास जड़ी-बूटियों के अनोखे मिश्रण के साथ विशेष रूप से तैयार किया गया है। जिसमें शुद्ध अजवायन को पेट सफा के मिश्रण के साथ Special Coat किया गया है। इसमें हर एक दाना अपनी शुद्धता प्रत्यक्ष बताता है। यह स्वाद में भी अच्छा है। पहले दिन से असर दिखाता है, और मुंह में चिपकता भी नहीं।
पेट सफा तो हर रोग दफा


Available in 160g & 90g Packs
24x7 Helpline: 91197 88888 • www.petsaffa.com • Available at all medical & general stores

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रक्षा कानून एनडीएए पर किए हस्ताक्षर

## इंडो-पैसिफिक के तहत भारत-यूएस रक्षा साझेदारी होगी मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वित्त वर्ष 2026 के लिए नेशनल डिफेंस ऑथराइजेशन एक्ट (एनडीएए) पर हस्ताक्षर किए। यह एक बड़ा रक्षा कानून है, जिसमें वाशिंगटन की इंडो-पैसिफिक पॉलिसी के हिस्से के तौर पर भारत के साथ अमेरिकी सैन्य सहयोग बढ़ाने और क्वाड के जरिए संबंधों को गहरा करने की बात कही गई है। यह कानून राष्ट्रीय सुरक्षा पर खर्च के लिए 890 बिलियन डॉलर की मंजूरी देता है। यह अमेरिका को भारत के साथ सहयोग बढ़ाने का निर्देश देता है, जिसमें क्वाड सुरक्षा संवाद के जरिए एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को बढ़ावा देना शामिल है। ट्रंप ने इस कानून पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि इससे उनके 'युद्ध विभाग' को ताकत के जरिए शांति की नीति पर काम करने में मदद मिलेगी।

कानून अमेरिका की रक्षा नीति और खर्च की प्राथमिकताएं तय करेगा

कानून में क्वाड के जरिए संबंधों को गहरा करने का पर दिया जोर

### भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ेगा



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

#### भारत के साथ परमाणु सहयोग को शामिल किया

यह एनडीएए कानून 60 साल से ज्यादा समय से हर साल पास होता है। यह अमेरिका की रक्षा नीति और खर्च की प्राथमिकताएं तय करता है। इस बार के वित्त वर्ष 2026 कानून में भारत के साथ बढ़ता सैन्य, परमाणु और क्षेत्रीय सहयोग को औपचारिक रूप से अमेरिकी रक्षा कानून का हिस्सा बनाया गया है।

#### 5 साल तक हर साल रिपोर्ट देनी होगी

इस कानून में भारत के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सैन्य सहयोग बढ़ाने, मिलिट्री अभ्यासों में ज्यादा भागीदारी, रक्षा व्यापार बढ़ाने और मानवीय सहायता और आपदा राहत पर ज्यादा करीबी सहयोग की बात कही गई है। इसमें समुद्री सुरक्षा को भी अमेरिका-भारत सहयोग के लिए एक खास क्षेत्र के तौर पर पहचाना गया है। स्टेट डिपार्टमेंट को कानून बनने के 180 दिनों के अंदर कांग्रेस को रिपोर्ट देनी होगी और उसके बाद 5 साल तक हर साल रिपोर्ट देनी होगी। जिसमें भारत और रूस के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग और रिश्तों की स्थिति बतानी होगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25